दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 22 | जयपुर, रविवार 08 फरवरी, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस नेताओं को दिया सटीक जवाब और कहा -उद्योगपति आसमान और हवा में फैक्ट्री लगाएगी क्या ?

## केंद्रीय बजट पर संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने बजट की खूब प्रशंसा की और कहा कि यह बजट देश और राजस्थान दोनों के विकास की नई पटकथा लिखेगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को केंद्रीय बजट संवाद के कार्यक्रम में केंद्रीय बजट की जमकर प्रशंसा की और कहा कि यह बजट राजस्थान और भारत के विकास की एक और नई पटकथा लिखेगा बजट भाषण के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं को जमीन आवंटन पर करारा जवाब देते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड रुपए के जो समझौते हुए हैं उनमें 800000 करोड रुपए के समझौते धरातल पर आए हैं तो क्या उद्योगपति आसमान और हवा में अपनी फैक्ट्री स्थापित करें ? उन्हें समझौते के तहत फैक्ट्री लगाने के लिए जमीन तो एलॉट की जाएगी इसमें कांग्रेस पार्टी के नेताओं को आखिर आपत्ति क्यों है क्या कांग्रेस के नेता यह नहीं चाहते कि राजस्थान का सर्वांगीण विकास हो और राजस्थान विकसित प्रदेश बने उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की सोच ही काफी गिरी हुई है और वह सिर्फ लोगों से वोट लेना चाहते हैं लोगों का कल्याण और प्रदेश और देश का कल्याण नहीं चाहते इसीलिए राजस्थान और देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया ।

### पीएम नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सब का सहयोग के आधार पर करते हैं काम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट संवाद कार्यक्रम में जोर देकर कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11 नंबर पर थी और अब भारत के अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंचने वाली है जो यह बताती है कि वर्ष 2014 में नरेंद्र



मोदी के शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद भारत कितनी तेजी से पूरे विश्व में प्रगति कर रहा है उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मजबूत और कुशल नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसकी गूंज पूरे विश्व में सुनाई दे रही है इसीलिए पूरा विश्व आज भारत की तरफ देख रहा है और विश्व मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर बात पर पूरा विश्व गौर करता है उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के शासनकाल में भारत में लाखों की संख्या में गरीबों की रेखा से नीचे परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वह गरीबों की रेखा से ऊपर उठ चुके हैं उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सबका साथ सबका विकास और सबका सहयोग के आधार पर कार्य करते हैं और खुद को किसी एक पार्टी या एक वर्ग के लोगों का लीडर नहीं मानते बल्कि भारत की 130 करोड लोगों के कल्याण और विकास में सतत रूप से कार्य कर रहे ।

### जिस देश ने भारत पर कई साल तक राज किया वह देश आज भारत से पीछे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट संवाद कार्यक्रम में प्रभावी तौर पर अपनी बात रखी और कहा कि जिस देश ने भारत पर कई सालों तक राज किया आज वह देश विकास और अर्थव्यवस्था के मामले में भारत से काफी पीछे है इसी तरह से जापान जैसा देश जो खुद को आधुनिक विकास का पर्याय मानता है वह भी भारत से पीछे है यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बिल्कुल निकट पहुंच गया है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के सहयोग और सानिध्य में राजस्थान में भी पिछले दो साल में हर क्षेत्र में विकास की बुलंदियों को छुआ है पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा रोजगार उद्योग महिला सुरक्षा कानून व्यवस्था इत्यादि क्षेत्रों में कई बड़े फैसले और कई बड़े निर्णय लिए गए जिनका लोग भरपूर फायदा उठा रहे हैं और का विकास पूरे देश को दिखाई दे रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा, महिला ,मजदूर के कल्याण और विकास को प्राथमिकता दे रही है उसी हिसाब से योजनाएं तैयार करके वंचित वर्ग के लोगों को खुशहाल बनाने का प्रयास किया जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज में अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाने के लक्ष्य के आधार पर कार्य कर रहे हैं उन्हीं का हमारी सरकार फॉलो कर रही है और समाज में जरूरतमंद लोगों के जीवन को खुशहाल करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही ।

### बजट संवाद में मौजूद व्यापारियों और उद्योगपतियों को मुख्यमंत्री शर्मा ने अमेरिका के टैरिफ पर अपनी पुरानी बातें याद दिलाई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट संवाद के दौरान मौजूद उद्योगपतियों और व्यापारियों से कहा कि जब अमेरिका ने भारत और दुनिया के अन्य देशों पर भारी भरकम टैरिफ लगाया था उस समय उन्होंने खुद व्यापारियों और उद्योगपतियों को विश्वास में लेने के लिए अपने यहां बुलाया उन्होंने संवाद में मौजूद व्यापारियों से पूछा भी कि मैं आपको बुलाया था या नहीं जिस पर व्यापारियों ने हां कहा इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने वहां मौजूद व्यापारियों से कहा कि जब अमेरिका ने टैरिफ लगाया था तो मैंने कहा था आप घबराओ मत आने वाले दिनों में आपका बिजनेस पहले से भी ज्यादा दौड़ेगा और अब आपको मेरी बात जरूर याद आ रही होगी जब अमेरिका ने भारत से टैरिफ हटा दिया है उन्होंने कहा कि जब अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया तो अपने अमेरिका की बजाय दूसरे नए देशों से अपने व्यापारिक कॉन्ट्रैक्ट शुरू किया अब जब अमेरिका ने टेरिफ हटा लिया है तो जिन देशों से अपने नए व्यापारिक लेनदेन शुरू किया है उनके साथ तो आपका बिजनेस अब चलेगा ही इसके अलावा अब अमेरिका से भी आप पहले की तरह पुराना बिजनेस शुरू कर देंगे इस तरह से आपको अब डबल फायदा होगा उन्होंने व्यापारियों और उद्योगपतियों से कहा कि आने वाले दिनों में राजस्थान का भी बजट आने वाला है और इस बजट के रूपरेखा तैयार करने के लिए भी मैंने आपसे बातचीत की आपकी सलाह ली आपके सुझाव लिए और उनके आधार पर हम बजट में आपकी सलाह को शामिल करने का प्रयास भी करते हैं उन्होंने व्यापारियों और उद्योगपतियों से कहा कि जब भी आपको कोई बात कहनी है तो इसके लिए उनकी ओर से एक नई व्यवस्था की गई है जिसमें आप अपनी बात कभी भी उनसे कह सकते हैं उन्होंने कहा कि व्यापारी और उद्योगपति भारत के राष्ट्र निर्माता है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सरकार व्यापारियों और उद्योगपतियों का पूरा सम्मान करती है और उनके बिजनेस की रक्षा और विस्तार के लिए कई तरह की सुविधा भी दी हुई है उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों और उद्योगपतियों से कहा कि आप सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचने में भी सहयोग करें।

### मेरी यह किताब कांग्रेसियों को हैरान और विचलित कर रही है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट संवाद कार्यक्रम में भी अपनी उस पुस्तक को दिखाकर जिक्र किया जिसमें पिछली गहलोत सरकार के शुरू के 2 साल के और पूरे 5 साल के विकास कार्यों का लेखा-जोखा था और इसी पुस्तक में पिछले 2 साल के राजस्थान सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा अंकित है इस किताब को दिखाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चालू बजट सत्र में भी कांग्रेस के नेताओं को चैलेंज किया था और कहा था कि कांग्रेस पार्टी की सरकार और हमारी सरकार के कार्यों का तुलना कर लीजिए इस किताब में सभी तरह के विकास के आंकड़े हैं जो यह दिखाते हैं कि पिछली कांग्रेस सरकार ने पूरे 5 साल में जितने विकास कार्य नहीं किए थे उससे कई गुना ज्यादा कार्य हमारी सरकार पिछले 2 साल में कर चुकी है मुख्यमंत्री शर्मा ने बजट संवाद कार्यक्रम में फिर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चैलेंज किया और कहा कि विकास कार्यों की तुलना के लिए वह हमेशा कांग्रेस के नेताओं से बहस करने के लिए तैयार है राजस्थान विधानसभा में भी इस विषय पर बहस करने के लिए तैयार हैं उन्होंने बजट संवाद कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों से कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राजस्थान की सरकार व्यापारी और उद्योग जगत की समस्याओं के निस्तारण के लिए हर तरह से तैयार है इसके लिए हमारी सरकार ने कई तरह के नए प्रयोग किए हैं कई तरह के नए कदम उठाए हैं ।

# सीएम भजनलाल ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर गंभीर, राजमहल चौराहे पर खुद के काफिले को ग्रीन सिग्नल होने तक रोके रखा

## प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मुख्यमंत्री के व्यवहार और कार्यशैली को देखकर रह गई चकित, चौराहे पर मौजूद वाहन चालकों ने मुख्यमंत्री शर्मा के इस व्यवहार की खूब तारीफ की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकारी नियमों और कानून की पालना को लेकर कितने गंभीर हैं इसकी झलक उन्होंने शनिवार को जयपुर के राजमहल चौराहे पर सबको दिखा दी जब उन्होंने चौराहे पर रेड सिग्नल देखकर अपने काफिले को वहीं पर रोक लिया और जब तक ग्रीन सिग्नल का संकेत नहीं आया तब तक उन्होंने अपने काफिले को आगे नहीं बढ़ने दिया मुख्यमंत्री के इस व्यवहार और कार्यशाली को देखकर चौराहे पर नियुक्त जयपुर ट्रेफिक पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं बल्कि उनके साथ काफिले में जो बड़े अधिकारी थे वह भी मुख्यमंत्री के इस व्यवहार को देखकर काफी चकित रह गई मुख्यमंत्री के इस व्यवहार को देखकर वाहन सड़क से गुजर रहे वाहन चालक भी काफी चकित हुए और उन्होंने मुख्यमंत्री के इस व्यवहार और कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री जैसे बड़े पदों पर बैठे विशिष्ट जनों के लिए पुलिस उनके मोमेंट को लेकर जीरो ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करती है ताकि मुख्यमंत्री का



काफिला जल्दी से निकल जाए और सुरक्षा व्यवस्था के चलते भी इस तरह की ट्रैफिक व्यवस्था की जाती है दूर-दूर तक रोड को बिल्कुल मुख्यमंत्री के काफिले के लिए खाली छोड़ दिया जाता है ताकि मुख्यमंत्री का काफिला बिना किसी रूकावट के रोड से निकल जाए मुख्यमंत्री के काफिले को ट्राफिक पॉइंट पर भी नहीं रोका जाता लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को खुद ट्रैफिक नियम की पालना करके जयपुर के लोगों को ही नहीं बल्कि प्रदेश के लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि चाहे साधारण व्यक्ति हो या फिर विशिष्ट व्यक्ति हर किसी के लिए सरकारी नियम और कानून एक समान लागू होते हैं इसलिए उन्होंने आगे बढ़कर ट्रैफिक रूल का फॉलो किया और लोगों को भी यह बताया कि हमेशा ट्रैफिक रूल का पालन करें ट्रैफिक नियम का पालन करने से एक तरफ जहां यातायात व्यवस्था काफी सुव्यवस्थित होती है तो ट्रैफिक पुलिस के जवान और अधिकारियों को भी ज्यादा मुश्किलों का सामना करना नहीं पड़ता तथा बड़े चौराहों पर दुर्घटनाएं होने की आशंका भी नहीं होती ट्रैफिक रूल का पालन करने से वाहन चालक का जीवन भी ज्यादा सुरक्षित रहता है और यातायात की व्यवस्था को गति मिलती है इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री शर्मा ने शनिवार को खुद आगे बढ़कर राजधानी जयपुर में ट्रैफिक नियमों का पालन किया उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को पहली बार ही इस तरह से ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं किया है बल्कि इससे पहले भी उन्होंने जयपुर में ही नहीं बल्कि प्रदेश में कई अन्य जगहों पर भी इसी तरह से लाल बत्ती चौराहे पर ट्रैफिक नियम का पालन करके लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश देने का प्रयास किया वैसे भी मुख्यमंत्री शर्मा सरकारी नियम और कानून को लेकर काफी गंभीर हैं और प्रशासन और पुलिस से जुड़े अधिकारियों को भी नियम और कानून की पालना को गंभीरता से लागू करने का निर्देश देते रहते हैं चाहे विभिन्न तरह की सरकारी योजनाओं का नियमों के तहत ही क्रियान्वयन हो या फिर अधिकारियों और कर्मचारियों के अपने दफ्तर में नियम के मुताबिक निश्चित समय पर आने और निश्चित समय पर ऑफिस को छोड़ने की बात हो हर कार्य को संयमित ईमानदारी और अनुशासित तरीके से निभाने की बात तो मुख्यमंत्री कहते ही रहते हैं इसके अलावा जो नियमों के खिलाफ कार्य करें उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए भी कहा है चाहे वह व्यक्ति कितना ही बड़ा व्यक्ति और कितना ही बड़ा राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो अगर उसने नियमों को तोड़ा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को बिना किसी घबराहट के कानून के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हुए हैं ।

# चांदी 11000 और सोना 3000 रुपए और महंगा हुआ, चांदी 263000 रुपए किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के सराफा बाजार में शनिवार को चांदी की कीमत में 11000 और सोने की कीमत में रुपए का इजाफा हुआ जयपुर सराफा बाजार से मिली जानकारी केअनुसार शनिवार को जयपुर में चांदी रुपए किलो में बिकी तथा शुद्ध सोना 160000 रुपए 10 ग्राम तथा जेवराती 149600 रुपए निर्धारित था उल्लेखनीय है कि चांदी और सोने की कीमत में पिछले कुछ दिनों से भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव होने की वजह से लोगों ने सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह अब अन्य जगह पर अपने पैसे इन्वेस्ट कर रहे हैं पिछले दिनों चांदी की कीमत में अचानक जोरदार उछाल हुआ था और चांदी की कीमत करीब 345000 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई थी और फिर अचानक चांदी की कीमत में भारी कमी आई और चांदी की कीमत पहले रेट के आसपास निर्धारित रहने लगी इस तरह से चांदी और सोने में इन्वेस्ट करने वाले लोगों ने फिलहाल सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से दूरियां जरूर बना ली है हालांकि पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ कर करने के बाद राजस्थान और देश भर के मार्केट में काफी अच्छा माहौल देखने को मिला था इसलिए जयपुर के सराफा बाजार से जुड़े लोग भी यह मानने लगे थे कि उनका धंधा अब फिर से जोर पकड़ेगा लेकिन सोने और चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव होने की वजह से सोने और चांदी को इस समय वे ही लोग ज्यादा खरीद रहे हैं जिनके घरों में शादी है यह लोग अपने पुराने बजट के आधार पर ही सोने और चांदी के आभूषण ज्यादा खरीद रहे हैं इसलिए जयपुर सराफा बाजार अब पहले की तरह जोर नहीं पड़ रहा और यहां लोगों की संख्या में भी काफी कमी आ गई है जिसकी वजह से सराफा बाजार की दुकानों पर ग्राहकों की ज्यादा भीड़ नजर नहीं आती जो व्यापारियों की चिंता का बड़ा कारण बने हुए हैं ।

# पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आरसीडीएफ के नए नवाचार की खुलकर तारीफ की

## आरसीडीएफ से संबद्ध 19,000 दुग्ध उत्पादकों के प्रशिक्षण के लिए आरसीडीएफ आया आगे, पशुपालकों को होगा काफी लाभ, जनजाति क्षेत्र में प्रशिक्षण पर दिया जाएगा विशेष बल




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन से संबद्ध 19,000 से अधिक पशुपालकों को पारंपरिक पशुपालन से आगे बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर, कुशल एवं सक्षम 'डेयरी फार्मर-एंटरप्रेन्योर' बनाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय महत्व का एक राज्यव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत क्रियान्वित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत पुरुष एवं महिला पशुपालकों को समान अवसर प्रदान करते हुए उन्हें आधुनिक तकनीक, प्रबंधन कौशल, उद्यमिता विकास तथा व्यवसायिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके पीछे महावपूर्ण उद्देश्य यह है कि प्रदेश के पशुपालक दुग्ध उत्पादन तक सीमित न रहकर डेयरी क्षेत्र को एक संगठित, प्रतिस्पर्धी, लाभकारी एवं दीर्घकालिक व्यवसायिक इकाई के रूप में विकसित कर सकें। आरसीडीएफ की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि यह कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी की अत्यंत महत्वपूर्ण 'गोपाल सखी' योजना की भावना के अनुरूप तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री सदैव ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मानयुक्त एवं सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य सरकार की इसी नीति को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को 'गोपाल सखी' के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, जो आगे चलकर पशुपालकों को मार्गदर्शन, तकनीकी सलाह एवं व्यावसायिक सहयोग प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं एवं प्रतिभागियों को न केवल डेयरी प्रबंधन, पशु आहार, दुग्ध गुणवत्ता एवं उत्पादकता से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, बल्कि डेयरी उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर भी विशेष फोकस किया जाएगा प्रशिक्षण के अंतर्गत सरस ब्रांड के अंतर्गत विकसित किए जा रहे ।

# हमारा प्रयास है कि नंदी महाराज पैदा ही ना हो, बछड़ी ज्यादा पैदा हो: केंद्रीय मंत्री बघेल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी बघेल ने शनिवार को अजमेर में एक बड़ा बयान दिया इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी के नेता बघेल के बयान को लेकर नाराजगी भी प्रकट करने लगे हैं तथा बघेल के बयान को हिंदू संस्कृति से जुड़े लोग भी ठीक नहीं मान रहे केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल ने शनिवार को अजमेर में जोड़ देकर कहा कि हमारी सरकार इस तरह का प्रयास कर रही है कि भविष्य में नंदी महाराज पैदा ही ना हो और ज्यादा से ज्यादा बछड़ी पैदा हो जिसकी वजह से किसान और पशुपालक की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी और सड़कों पर आवारा सांड की वजह से दुर्घटना भी नहीं होगी हालांकि केंद्रीय मंत्री को नंदी महाराज पर दिए गए बयान का आभास जल्दी हो गया और उन्होंने आगे बातचीत को बढ़ाते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि नंदी महाराज नहीं रहेंगे कम से कम 10 प्रतिशत नंदी महाराज जरूर रहेंगे उन्होंने कहा कि सरकार नई तकनीक सेक्स सीमैंन तकनीक से ज्यादा से ज्यादा बछड़ी पैदा करने की दिशा में कार्य कर रही है ताकि दूध का ज्यादा उत्पादन हो सके जो आमजन के साथ पशुपालक किसान के लिए भी फायदे का सौदा होगा उन्होंने कहा कि आजकल मशीनों का जमाना है और हर क्षेत्र में मशीनीकरण से कार्य किया जा रहा है इसलिए बैल की उपयोगिता अब नहीं रह गई है इसलिए सरकार बछड़ी पैदा करने पर ज्यादा कार्य कर रही है जिसकी वजह से आवारा सांड की घूमने की समस्या से भी छुटकारा मिल सकेगा जानकार लोगों का कहना है कि भले ही केंद्रीय मंत्री बघेल ने अच्छी भावना से और देश की तरक्की तथा किसानों की भलाई की भावना से नंदी महाराज को लेकर बयान दिया हो लेकिन इस बयान को लेकर कांग्रेस पार्टी चुप रहने वाली नहीं है बघेल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दिल्ली में सांसद चल रही है तो राजस्थान में भी बजट सत्र संपादित हो रहा है ऐसे में इन दोनों ही जगह पर विपक्ष के साथ सदस्यों की ओर से बघेल के बयान को लेकर हंगामा मचाया जा सकता क्योंकि हिंदू संस्कृति में नंदी की पूजा की जाती है और नदी को भगवान शंकर के परिवार में बड़ी जगह मिली हुई है इसलिए हिंदू संस्कृति के लोग साधु ,संत ,समाज भी बघेल के इस बयान को लेकर नाराज बताए जा रही है ।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
8 फरवरी, 2026


## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वर्गीय हेमसिंह भड़ाना के परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

हेमसिंह भड़ाना का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा- उप मुख्यमंत्री



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को पूर्व मंत्री स्वर्गीय हेमसिंह भडाना के निवास पर पहुंचकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमसिंह भड़ाना का सार्वजनिक जीवन और समाज के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उप मुख्यमंत्री ने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस अपूरणीय क्षति को भर पाना संभव नहीं है, लेकिन पूरा प्रदेश इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी दिवंगत पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा किए गए जनसेवा कार्यों को याद किया।

## रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने 7 का साथ कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान कार्यक्रम का किया आयोजन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने दिनांक 07 फरवरी 2026 को अंबेडकर नगर स्थित रोटरी ब्लड सेंटर में अपने स्थाई प्रकल्प 7 का साथ के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन विकास गुप्ता ने बताया की रक्तदान कार्यक्रम में प्रवीण बवेजा ने 77वीं बार रक्तदान किया, राजकुमार खेतावत, राहुल, जितेन्द्र, भीम सिंह, ताराचंद, नासिर हुसैन व प्रियांशु ने प्रथम बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल, प्रवीण खंडेलवाल व हर्ष गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने संयोजक विकास के. गुप्ता, सभी रक्तदाताओं, रोटेरियन साथियों और रोटरी ब्लड सेंटर के स्टाफ का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया गया।

## लॉर्ड्स ग्रुप संचालित तेजस यूनिवर्सल स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

आर्थिक रूप से कमजोर व अनाथ बच्चों को मिलेगी प्राथमिकता, शिक्षा सहित सभी सुविधाएं निःशुल्क

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** लॉर्ड्स ग्रुप द्वारा संचालित तेजस यूनिवर्सल स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी साझा करने हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसे स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राजेश भारद्वाज ने संबोधित किया। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि लॉर्ड्स ग्रुप के चेयरमैन मनोज कुमार चाचान के मार्गदर्शन में यह विद्यालय पिछले पांच वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में कक्षा 5वीं तक कुल 300 विद्यार्थियों को प्रवेश देने का लक्ष्य रखा गया है। तेजस यूनिवर्सल स्कूल में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अनाथ बच्चे, अथवा जिनके माता-पिता में से कोई एक या दोनों नहीं हैं, ऐसे विद्यार्थियों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यालय की विशेषता यह है कि यहां किसी भी प्रकार की कोई फीस नहीं ली जाती। विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद की समस्त सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों के लिए आवास, भोजन, यूनिफॉर्म, पाठ्य-पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सीमित सीटें उपलब्ध होने के कारण पात्र अभिभावकों से अपील की गई है कि वे शीघ्र अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चे इस सुविधा का लाभ उठा सकें।



## खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन शिविर का आयोजन कल

**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर के निर्देशानुसार जिले में खाद्य कारोबार करने वाले सभी व्यक्तियों के पास खाद्य लाइसेंस उपलब्ध हो सके इसकी सुगमता के लिए अग्रवाल धर्मशाला, बस स्टैंड रोड, नया बास चौराहा एवं हनुमान चौराहा में खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन शिविर का आयोजन 09 फरवरी को प्रातः 11:30 से 3:00 तक किया जाएगा। शिविर में विभिन्न खाद्य कारोबारकर्ता जिसमें दूध विक्रेता, डेरी वाले, दवा विक्रेता, मिठाई विक्रेता, किराना सामान विक्रेता, चाट ठेले वाले, फल सब्जी विक्रेता, रेस्टोरेंट ढाबे वाले आदि आदि का खाद्य लाइसेंस/ रजिस्ट्रेशन मौके पर जारी किया जाएगा साथ ही सभी व्यापारियों को खाद्य पदार्थों के रखरखाव के बारे में जानकारी प्रदान कि जावेगी। ऐसे खाद्य कारोबार कर्ता जिनका वार्षिक टर्नओवर 12 लख रुपए से कम है उनके लिए खाद्य पंजीयन के आवेदन का शुल्क ?100 वार्षिक होगा ऐसे छोटे खाद्य व्यापारी जो घूम कर अपना व्यापार करते हैं (जैसे दूधिया एवं ठेली वाले ) को पंजीयन शुल्क की छूट होगी इसके लिए वह अपना आधार कार्डद्ध एवं एक अपनी फोटो लाकर पंजीयन करवा सकते हैं ऐसे खाद्य कारोबारी जिनका टर्न ओवर 12 लाख से अधिक है वह अपने आधार कार्ड /लद्यह्ल पंजीयन /खाद्य कारोबार स्थान का स्वामित्व का दस्तावेज लगा कर आवेदन कर सकते है इनकी वार्षिक फीस 2000 रू रहेगी, बिना फ़ूड लाइसेंस के कारोबार करते पाए जाने पर 2 लाख से 10 लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### रामसर साइट सिलीसेढ पर आयोजित हुआ अलवर बर्ड फेस्टिवल

# अलवर में पर्यटन विस्तार, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध - केंद्रीय वन मंत्री यादव

बर्ड फेस्टिवल की परम्परा को आगे बढाते हुए हर वर्ष 2 फरवरी को आयोजित किया जाएगा बर्ड फेस्टिवल - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सिलीसेढ झील पर आयोजित अलवर बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल में शिरकत कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आमजन को बर्ड फेस्टिवल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अलवर केवल प्रकृति का उपहार नहीं, बल्कि बाबा भर्तृहरि की तपोभूमि के रूप में आध्यात्म की धरती है। उन्होंने कहा कि अलवर में 200 से ज्यादा पक्षियों की प्रजाति दुनियाभर से आती है जो यहां आने वलो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष फरवरी में टाइगर मैराथन और बर्ड फेस्टिवल का आयोजन अलवर के पर्यटन को विश्व स्तर पर उभारने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइगर मैराथन का आयोजन होगा तथा अगले वर्ष फरवरी में सिलीसेढ में बर्ड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-दुनिया के लोग यहां आकर अलवर की पहचान दुनिया तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत में 98 रामसर साइट घोषित की गई है तथा हिन्दुस्तान में पहली बार केंद्रीय बजट में बर्ड वाचिंग का विषय भी रखा गया है तथा प्रकृति का यह उपहार भी अलवर को मिला है।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि अलवर में पर्यावरण संरक्षण और अलवर के विकास की दृष्टि से जो योजनाएं सामूहिक प्रयासों से शुरू की गई हैं वे बहुत ही कारगर साबित हुई है। आगे भी इसी दिशा में सार्थक प्रयास किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भूरासिद्ध पर मातृवन एवं कटी घाटी पर नगर वन स्थापित किए गए तथा कटी घाटी पर बायोलॉजिकल पार्क का काम प्रगतिरत है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महती भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि अलवर में टाइगर कंजर्वेशन, सफाई-स्वच्छता में आगे बढाने एवं दुनिया के नक्शे पर अलवर को उभारने के उद्देश्य से टाइगर मैराथन शुरू की गई है, जिसमें साढे 18 हजार युवाओं एवं आमजन ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों से बर्ड की प्रजातियों के संबंध में उनके ज्ञान को परखकर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पक्षियों की प्रजातियों की जानकारी दी।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अलवर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक काम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बर्ड फेस्टिवल का आयोजन उदयपुर में किया जाता है, इस बार बर्ड फेस्टिवल के आयोजन का अलवर में किया जाना जिले के लिए गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि अलवर में आयोजित किए जा रहे बर्ड फेस्टिवल के माध्यम से अलवर के पर्यटन को गति मिलेगी। साथ ही देश-विदेश के लोग यहां आकर पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों पर शोध कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जो सरिस्का बाघ विहिन हो गया था, वहां वर्तमान में वन विभाग की कुशल मॉनिटरिंग के कारण 50 बाघ मय शावक स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आज बर्ड फेस्टिवल की शुरूआत की गई है और इस परम्परा को निरन्तर आगे बढाते हुए हर वर्ष 2 फरवरी को बर्ड फेस्टिवल आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने सिलीसेढ झील को रामसर साइट के रूप में दर्जा दिलाने पर केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताते हुए जिले के मंगलासर बांध व मानसरोवर बांध को भी रामसर साइट का दर्जा दिलाकर अलवर को गौरवांवित करने का आह्वान किया।

### इनको किया गया सम्मानित

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने वनजीव संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक रेंजर प्रथम अकबरपुर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, वनपाल टहला सौरभ कुमार, वनपाल धर्मसिंह, वनरक्षक मनीषा यादव, वनरक्षक रतन गुर्जर, होमगार्ड कैलाश चंद एवं टाइगर ट्रेकर रवीन्द्र शर्मा को सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के महानिदेशक सुशील कुमार अवस्थी, अतिरिक्त महानिदेशक वाइल्ड लाइफ रमेश पाण्डे, राज्य के प्रमुख चीफ कंजरवेटर फोरेस्ट पवन कुमार उपाध्याय, अतिरिक्त प्रमुख चीफ कंजरवेटर फोरेस्ट के.सी.ए अरूण प्रसाद, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, संग्राम सिंह कटियार वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक बाघ परियोजना, सरिस्का, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, सतीश यादव, पं. जलेसिंह, सुरेश मेहता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## केंद्रीय वन मंत्री यादव एवं वन राज्यमंत्री शर्मा ने जिला अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध - केंद्रीय वन मंत्री यादव




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने महल चौक में आयोजित जिला अभिभाषक संघ कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत कर नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वकालत सिर्फ पेशा नहीं, न्याय की आत्मा और अधिवक्ता न्याय की जड़ है, जिस पर देश के प्रत्येक नागरिक को भरोसा है। उन्होंने अपने अधिवक्ता जीवन के संस्मरणों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक अधिवक्ता किस प्रकार निरंतर संघर्ष, अध्ययन और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ता है तथा अपने पक्षकार को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मध्यस्थता, लोक अदालतों और वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जिला अभिभाषक संघ अलवर को आश्वस्त करते हुए कहा कि न्यायालय के नवीन भवन में अधिवक्ताओं के चेंबर हेतु आवंटित भूमि के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बार और बेंच का सामाजिक ताना-बाना न्याय व्यवस्था की मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि बार संघ को आगे बढाने एवं अधिवक्ताओं के सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निरन्तर काम करती रही है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को सबसे अधिक विश्वास न्यास व्यवस्था पर होता है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता एवं न्यायाधीश का रिश्ता पारिवारिक होता है। एक अधिवक्ता अपनी दलीलों से जहां परिवादी को न्याय दिलाता है, वहीं न्यायाधीश अधिवक्ता की दलीलों के आधार पर अपना फैसला देते है। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनंत भंडारी, पूर्व सेशन न्यायाधीश सी.पी सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिला अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष अभिमन्यु चौहान, उपाध्यक्ष सुधीर यादव, रामकिशन गुर्जर, जयश्री चौधरी, अनिल शर्मा, सीमा मुखीजा, अजय कौशिक, विशाल ढिल्लो सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में विधायक डॉ. यादव ने जनता से किया सीधा संवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

रक्तदान शिविर में सहभागिता कर डॉ. करण सिंह यादव को दी जन्मदिवस की शुभकामनाएँ



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** शनिवार को बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने बहरोड़ स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्थानीय विकास से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए, जिन पर विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दूर-दराज़ क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की भागीदारी से जनसुनवाई कार्यक्रम में लगातार विश्वास और सहभागिता बढ़ती दिखाई दी। विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने कहा कि 'जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात विधायक ने पूर्व सांसद एवं प्रमुख समाजसेवी डॉ. करण सिंह यादव के जन्मदिवस के अवसर पर जनकल्याण युवा संस्था द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सहभागिता की। उन्होंने रक्तदाताओं से संवाद कर रक्तदान जैसे पुनीत एवं मानवीय कार्य की सराहना की तथा डॉ. करण सिंह यादव को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दीं। डॉ. जसवंत सिंह यादव ने कहा कि 'डॉ. करण सिंह यादव का जीवन समाजसेवा और मानवीय मूल्यों को समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन युवाओं के लिए सेवा और समर्पण की प्रेरणा है।' इस अवसर पर बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि, एडवोकेट प्रशान्त यादव मंडल अध्यक्ष बहरोड़, अश्वनी टाइगर मंडल अध्यक्ष माजरी, राजेश फौजी मंडल अध्यक्ष बर्डोद, रामनरेश जिला पार्षद, संजय मीर जिला प्रवक्ता कोटपूतली-बहरोड़, संजय शर्मा पार्षद, सुभाष पार्षद, राजेन्द्र पार्षद, अनिल यादव एडवोकेट, नवीन यादव एडवोकेट, कमल यादव, शिवचरण यादव सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नर सेवा, नारायण सेवा : डॉ. करण सिंह यादव

पूर्व सांसद के 81वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर व विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** डॉ. करण सिंह यादव, पूर्व सांसद के 81वें जन्मदिवस के अवसर पर सुरभि मैरिज होम, बहरोड़ में रक्तदान शिविर एवं विचार गोष्ठी का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचखंड अस्पताल, नीमराणा के निदेशक डॉ. गजराज सिंह यादव, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र यादव तथा प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ. सुरेंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर 1 फरवरी को जन्म लेने वाली दर्जनों बच्चियों को ?2100-?2100 के चेक भेंट किए गए। साथ ही 101 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया तथा सैकड़ों जरूरतमंद व वृद्धजनों को कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने डॉ. करण सिंह यादव के चरण स्पर्श कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया और उनके स्वास्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस भावुक क्षण पर उपस्थित हजारों लोगों ने तालियों के माध्यम से सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सरोज बस्तीराम यादव (प्रधान, पंचायत समिति बहरोड़), डॉ. मोहित यादव, रोहतास कुमार यादव (पूर्व प्रधान, नीमराणा), नंदराम ओला (पूर्व प्रधान, बहरोड़), डॉ. सुरेंद्र यादव (निदेशक, माधव अस्पताल बहरोड़) तथा गौशालाओं के संरक्षक जगमाल सिंह यादव आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में डॉ. करण सिंह यादव को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट बस्तीराम यादव ने कहा कि डॉ. करण सिंह यादव बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके मार्गदर्शन में जनकल्याण युवा संगठन प्रदेशभर में सेवा कार्यों में सक्रिय है। बाबा खेतानाथ जी के नाम से संचालित महिला शिक्षण संस्थाएं एवं छात्रावास आजीवन जरूरतमंदों की सेवा में संलग्न हैं। इस अवसर पर भामाशाह, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक, उद्योगपति, युवा, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह के साथ कथा का सातवा दिन हुआ सम्पन्न, कथा विश्राम होगा कल

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** असीम प्रेम व रूहानियत का केंद्र नंगली वालो का आश्रम के 25 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष पर 2 फ़रवरी से आरम्भ हुई श्री मद भागवत कथा सातवे दिवस मे प्रवेश हुई। कथा का वाचन करते हुए वृन्दावान के श्री राम मुदगल शास्त्री जी ने कहा की श्री मद भागवत का वास्तविक अर्थ मन पर काबू करना हैं। काम क्रोध लोभ मोह अहंकार का त्याग कर निर्वाण का सच्चा रास्ता भागवत के जरिये हीं हैं। तितली मै बनती फिरा,एक प्रेम दीवानी मीरा, जीवन लिखा हैं बांके बिहारी जी के नाम जैसे भजनो ने कथा के आनंद को दोगुना कर दिया। आश्रम प्रमुख संत चेतना पुरी ने बताया की 8 फ़रवरी रविवार को प्रतिदिन के समयानुसार दोपहर 2 बजे से कथा अष्टम दिवस मे प्रवेश करते हुए व्यास पूजन व सुदामा चरित्र का वर्णन किया जायेगा। नंगली दरबार के संत सुखदेव आनंद जी ने बताया की इसी दिन सांय 6 बजे केक काटकर गुरूजी का जन्मदिन मनाया जायेगा साथ हीं रात्रि 8 बजे भव्य आतिशबाजी के साथ लंगर आयोजित होगा। सेवादार सौरभ कालरा ने बताया की 9 फ़रवरी सोमवार को प्रातः 11 बजे आश्रम के स्थापना दिवस को मानते हुए आश्रम पर मन्त्रोंचार के साथ ध्वजारोहन किया जायेगा इसी के ठीक बाद से रूहानियत सतसंग व प्रवचन की बेला आयोजित होंगी जिसमे रुड़की, लुधियाना, हिमाचल, उत्तरप्रदेश, राजस्थान के संत शिरकत करेंगे व संगत को निहाल करेगे साथ हीं दोपहर 2:30 बजे 8 दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत समापन के साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा जिसमे हजारों की संख्या मे अनेक प्रदेशो की संगत शिरकत करेगी। कार्यक्रम मे लगातार खुशीराम छाबड़ा, राजेश गाबा, अनिल पंजाबी, विजय पंजवानी, गुलशन गाबा, राजू धवन, मोंटी गाबा सहित बहुत से सेवादार लगातार व्यवस्था संभाले हुए हैं।

## हर खेत तक विज्ञान और हर किसान तक ज्ञान पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है मोदी सरकार: भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स

**सीहोर(मध्यप्रदेश)।** राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत शनिवार को मध्यप्रदेश के सीहोर स्थित आईसीएआरडीए कैंपस में प्रशासनिक भवन, किसान प्रशिक्षण केंद्र व अत्याधुनिक कृषि प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सहित विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री, वैज्ञानिक, अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि



यह पहल किसानों को आधुनिक विज्ञान और उन्नत तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि को राष्ट्रीय प्राथमिकता के केंद्र में रखा गया है। सरकार का स्पष्ट विज़न है– सशक्त किसान, आत्मनिर्भर कृषि और सुपोषित भारत। भागीरथ चौधरी ने कहा कि भारत जैसे देश में दालें केवल भोजन नहीं, बल्कि पोषण का मुख्य आधार हैं। यदि हमें एक स्वस्थ और विकसित भारत बनाना है, तो हर परिवार की थाली में पौष्टिक दाल की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि दलहनी फसलें कम लागत, कम पानी और कम उर्वरकों में बेहतर उत्पादन देकर किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। फसल चक्र में दलहन शामिल करने से मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य और मूल्य समर्थन योजनाओं के माध्यम से किसानों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। आधुनिक तकनीक को खेत तक पहुँचाना समय की आवश्यकता है। ड्रोन तकनीक, उन्नत बीज, वैज्ञानिक पोषण प्रबंधन और जल प्रबंधन के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। कृषि विज्ञान केंद्रों और डिजिटल माध्यमों से किसानों को निरंतर प्रशिक्षण और जानकारी दी जा रही है, ताकि हर खेत तक विज्ञान और हर किसान तक ज्ञान पहुँचे।

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समृद्ध किसान, स्वस्थ नागरिक और मजबूत कृषि व्यवस्था है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन और किसानों की मेहनत से भारत दलहन उत्पादन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि दलहन केवल फसल नहीं है, यह किसान की आय, परिवार का पोषण और राष्ट्र की शक्ति है।

## चित्रकूट इलाके में ईमित्र सेंटर को लूट कर फरार हथियारबंद लुटेरों को पुलिस ने नाकाबंदी में पड़ा, पिस्तौल बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के चित्रकूट थाना इलाके में शनिवार को हथियारबंद दो लुटेरे दिनदहाड़े 21 को हथियारबंद दो लुटेरे दिनदहाड़े ईमित्र सेंटर में दाखिल हुए और पिस्तौल दिखाकर दोनों बदमाशों ने ईमित्र की तिजोरी से करीब 120000 रुपए लूट कर फरार हो गए हालांकि ईमित्र सेंटर के संचालक और आसपास के लोगों के चिल्लाने की वजह से लोगों ने तुरंत शहर पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने पूरे शहर में नाकाबंदी तत्काल लगा दी जिसकी वजह से पुलिस ने दोनों लुटेरों को पकड़ने में कामयाब हो गई है दोनों बदमाशों से पिस्तौल भी बरामद की गई है हालांकि पुलिस लूट गए पैसे बरामद नहीं की गई लुटेरों ने लूट गए पैसे को कहां और किसको दिया है इसके बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है हालांकि जयपुर पुलिस की इस कार्रवाई पर लोगों ने खुशी भी जताई है कि लुटेरों को जयपुर पुलिस ने अपनी कड़ी नाकाबंदी की वजह से पकड़ लिया लेकिन लोगों का यह भी कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह से लूट की वारदात को अंजाम देना कहीं ना कहीं जयपुर पुलिस के दिन के सुरक्षा इंतजाम पर सवाल खड़े कर रहा है इसलिए इस तरह की वारदात जयपुर में दोबारा से ना हो पुलिस को दिन में भी अपने सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत करना होगा जानकारी के अनुसार शनिवार को चित्रकूट इलाके में दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से स्थानीय व्यापारियों में भी काफी आक्रोश छाया हुआ है और व्यापारी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं मौके पर गए पुलिस अधिकारियों को व्यापारियों ने अपनी चिंता से भी अवगत करवाया है पुलिस ने कहा है कि पुलिस हर तरह से उनकी सुरक्षा के लिए तैयार है और सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत किया जाएगा लेकिन पुलिस ने व्यापारियों से भी कहा है कि वह इस तरह की घटना के बारे में पुलिस को तत्काल सूचना दें और जितना हो सके उतना ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे अपने इलाके में स्थापित करें ताकि बदमाशों को चिन्हित करने में और उन्हें पकड़ने में पुलिस को जल्दी मदद मिल सके हालांकि पुलिस ने बदमाशों से पिस्तौल तो बरामद कर ली है लेकिन उन्होंने पैसों से भरा बैग कहां गायब किया इसके बारे में पुलिस खबर लिखे जाने तक बदमाश से पता नहीं लगा पाई थी।

## ऑपरेशन सिंदूर में तुर्की ने पाकिस्तान का किया सहयोग, तुर्की के कलाकारों की प्रस्तुति को लेकर जोरदार आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** लेक सिटी उदयपुर में तुर्की के कलाकारों की प्रस्तुति को लेकर संगठनों से जुड़े लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है और लोगों ने कहा है कि उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक प्रोग्राम में तुर्की के कलाकारों की प्रस्तुति को किसी भी हालत में नहीं होने दिया जाएगा इसी बात को लेकर एनएसयूआई के नेताओं ने भी उदयपुर एडीएम सिटी को ज्ञापन देकर अपनी भावना से अवगत करवाया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभियान में तुर्की ने पाकिस्तान का सहयोग किया था इसलिए तुर्की के कलाकारों की प्रस्तुति को उदयपुर शहर बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगा उदयपुर शहर महाराणा प्रताप की धरती है और यहां पर भारत माता से गद्दारी करने वाले किसी भी मुल्क के कलाकारों को कार्यक्रम नहीं करने दिया जाएगा जानकारी के अनुसार उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक प्रोग्राम में तुर्की चिल्ली और कोई अन्य देश के कलाकारों की ओर से प्रस्तुति दी जाएगी जब एनएसयूआई और विप्र संगठन से जुड़े लोगों को इस बात का पता चला कि इस कार्यक्रम में तुर्की के कलाकारों की भी प्रोग्राम है तो विभिन्न संगठनों ने उदयपुर की सड़कों पर उतरकर तुर्की के कलाकारों का विरोध जताना शुरू कर दिया है यह मामला अब काफी गर्म हो गया है क्योंकि इस मामले को लेकर युई और युवा कांग्रेस से जुड़े लोग भी इस बात को लेकर आक्रोशित है कि जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की मदद की उस देश को उदयपुर में कैसे सम्मान मिल सकता है जानकारी के अनुसार विभिन्न संगठनों की ओर से तुर्की के कलाकारों की प्रस्तुति पर नाराजगी जाहिर करने के मामले को लेकर उदयपुर जिला प्रशासन की काफी गंभीर है उदयपुर जिला प्रशासन इस मामले को बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से सुलझाने की दिशा में कार्य कर रहा है उदयपुर प्रशासन चाहता है कि यह कार्यक्रम भी हो जाए और प्रदर्शन कर रहे लोगों की नाराजगी भी दूर हो जाए इसलिए उदयपुर जिला प्रशासन कार्यक्रम के आयोजकों से संवाद करके इस मामले को शांतिपूर्वक तरीके से सुलझाने के प्रयास में जुटा हुआ है कहा जा रहा है कि हो सकता है इस कार्यक्रममें लोगों की भावनाओं को देखते ही तुर्की के कलाकारों की प्रस्तुति न होने दी जाए।

## लेपर्ड और किसान के बीच 15 मिनट तक खूनी संघर्ष, घायल किसान ने कुल्हाड़ी से वार कर लेपर्ड को मौत के घाट उतारा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के कोटपूतली बहरोड जिले में शनिवार की सुबह खरकड़ी कला गांव में किसान और लेपर्ड के बीच करीब 15 मिनट तक जोरदार आपस में जंग हुई खेत पर चारा काट रहे किसान पर लेपर्ड ने पहले हमला बोला जिसकी वजह से उसके शरीर के कई हिस्से में गहरे घाव हो गए लेकिन किसान श्रवण ने हिम्मत नहीं हारी और वह भी हाथ में कुल्हाड़ी लेकर लेपर्ड से



मुकाबला करने लगा दोनों के बीच करीब 15 मिनट तक आपस में एक दूसरे को जकड़ कर मुकाबला करते रहे इस दौरान श्रवण ने बुरी तरह से घायल होने के बावजूद भी मुश्किल से कुल्हाड़ी से लेपर्ड पर जोरदार प्रहार किया जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई घायल श्रवण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है उसके शरीर के कई जगहों पर गहरे घाव हो गए हैं जिनका उपचार किया जा रहा है हालांकि जिस तरह से लेपर्ड के साथ उसका संघर्ष हुआ इस तरह का संघर्ष करने के बाद इंसान बहुत कम ही जिंदा रह पाता है लेकिन श्रवण की बहादुरी को सलाम करना होगा जिसने हिम्मत नहीं हारी और वह लेपर्ड से काफी देर तक मुकाबला करता रहा बाद में सूचना मिलने के बाद वन विभाग पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और लेपर्ड की बॉडी को कब्जे में करके उसका पोस्टमार्टम करवाया गया इस घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी गुस्सा है लोगों का कहना है कि जंगली क्षेत्र से लेपर्ड अक्सर यहां आस-पास के इलाके में आ जाते हैं जो इंसान और पशु दोनों के लिए खतरे से खाली नहीं है इसलिए लोगों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से इस मामले में कड़े प्रबंध करने को कहा है और घायल श्रवण को अच्छा मुआवजा देने की मांग भी की है इससे पहले शुक्रवार की रात राजधानी जयपुर के आगरा रोड पर सनसिटी कॉलोनी में स्थित सीसीटीवी कैमरे में कॉलोनी की सड़क पर एक लेपर्ड के मूवमेंट की तस्वीर कैमरे में कैद हो गई जिसके बाद इलाके के लोगों में घबराहट छा गई है लोगों ने वन विभाग को सूचित किया जिसके बाद वन विभाग की टीम शनिवार सुबह मौके पर पहुंची लेकिन पैंथर की वस्तु स्थिति का पता नहीं चल पाया ऐसा लगता है पैंथर वापस जंगल में चला गया लेकिन वन विभाग का कहना है कि कॉलोनी में पिंजरा लगाया जाएगा ताकि फिर कभी दोबारा से वह यहां आए तो पिंजरे में कैद हो जाए इसलिए कॉलोनी में पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है क्योंकि इस इलाके में पहले भी यहां पैंथर नजर आ चुका है इसलिए स्थानीय लोग अब दिन और रात दोनों ही समय अलर्ट मोड पर रहते हैं ।

# केंद्रीय मंत्री पाटिल ने भजनलाल की तारीफ की और कहा- मुख्यमंत्री जब भी दिल्ली जाते हैं के लिए कुछ न कुछ उपलब्धि लेकर आते हैं

### केंद्रीय बजट में युवा, महिला, किसान, गरीब और वंचित सहित हर वर्ग के कल्याण को दी गई प्राथमिकता,

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटील ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जमकर प्रशंसा की है और कहा है कि मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले 2 साल में प्रदेश के विकास और कल्याण के लिए जो मेहनत की है वह मेहनत रंग लाएगी उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जब-जब दिल्ली गए तब तब दिल्ली से प्रदेश के विकास और प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए कुछ ना कुछ लेकर आए इस कार्य में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का प्रयास भी सराहनीय रहा केंद्रीय मंत्री पाटिल शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे बातचीत के दौरान उन्होंने आरामसेतु जल परियोजना और यमुना जल समझौते को लेकर भी स्थिति पूरी तरह से कलियर की उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 को सर्वांगीण विकास का बजट बताते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत-2047 की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम है। केंद्रीय मंत्री पाटिल ने जयपुर में पत्रकारों से साफ कहा कि पाकिस्तान को सिंधु नदी का पानी किसी भी हालत में नहीं देंगे सिंधु नदी का पानी का उपयोग राजस्थान दिल्ली, पंजाब, हरियाणा ही करेंगे मंत्री पाटील ने कहा कि यह देश के इतिहास में पहली बार है जब किसी महिला वित्त मंत्री ने लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के प्रति दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। साथ ही, यह भी पहली बार है जब किसी एक प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने लगातार नौ बजट पेश किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और मजबूत इच्छाशक्ति के कारण भारत बीते 12 वर्षों में एक सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और आज वैश्विक पटल पर सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर चुका है। राजस्थान के संदर्भ में मंत्री पाटील ने कहा कि आने वाले समय में राज्य में पानी की कोई किल्लत नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे जल समस्या के समाधान को लेकर अत्यंत सजग हैं और दिल्ली प्रवास के दौरान रामजल सेतु परियोजना, ईआरसीपी एवं यमुना जल समझौते जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से उठाते हैं। मंत्री पाटील ने यमुना जल समझौते पर कहा कि लंबे समय से यमुना के जल पर राजस्थान का अधिकार था, लेकिन पिछली सरकार के दौरान इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से यह ऐतिहासिक एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। उन्होंने बताया कि अब डीपीआर पर भी सहमति बन चुकी है और यमुना का सरप्लस पानी राजस्थान को मिल सकेगा, जो राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी (रामजल सेतु लिंक परियोजना) पर जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच एमओयू हो चुका है तथा डीपीआर मंत्रालय को प्राप्त हो गई है, जिस पर कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना पर लगभग 77 हजार करोड़ से लेकर 1 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश प्रस्तावित है और शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अमृत सरोवर योजना और जल जीवन मिशन ऐतिहासिक साबित हो रहे हैं। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत देशभर में 69 हजार से अधिक सरोवरों का निर्माण किया गया है, जिससे भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जल जीवन मिशन के लिए 67 हजार 300 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। अब तक 16 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है तथा इस योजना को 2028 तक विस्तारित किया गया है। इससे देश की लगभग 9 करोड़ माताओं-बहनों का करीब 4.5 करोड़ घंटे का समय बचा है। साथ ही जल गुणवत्ता जांच के लिए 24 लाख 80 हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है और 2868 प्रयोगशालाओं के माध्यम से नियमित जांच की जा रही है। मंत्री पाटील ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जब भी दिल्ली जाते हैं, राजस्थान के लिए कुछ न कुछ उपलब्धि लेकर आते हैं, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का भी पूरा सहयोग रहता है। मंत्री पाटील ने कहा कि यह बजट किसी एक वर्ग या संस्था के लिए नहीं, बल्कि देश के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। युवा, महिला, किसान, गरीब और वंचित–हर वर्ग के कल्याण को इसमें प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले से निरंतर सुधारों की बात कही थी और मात्र छह महीनों में विभिन्न योजनाओं में 350 से अधिक सुधार लागू किए गए, जिनमें जीएसटी रिफॉर्म जैसे अहम कदम शामिल हैं। बजट से पूर्व विकसित भारत यंग लीडर संवाद के माध्यम से युवाओं से संवाद कर उनके सुझावों को भी बजट में स्थान देने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि बजट में प्रधानमंत्री के तीन प्रमुख कर्तव्यों–आर्थिक विकास को गति देना, जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना तथा क्षमता निर्माण व 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति–को स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। मंत्री पाटील ने कहा कि देश की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय बजट में लगभग एक लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। भारत आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनते हुए हथियारों के निर्यातक देश की भूमिका में पहुंच चुका है।

## नकली घी की बड़ी फैक्ट्री पकड़ी, भारी मात्रा में घी से भरे टिन किया बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के जोधपुर के मंडोर में पुलिस रसद विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक नकली घी की फैक्ट्री के गोदाम पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया यहां बड़ी मात्रा में विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के खाली पैकेट भी मिले हैं इसके अलावा करीब 100 से ज्यादा घी से भरे टिन बरामद किए गए हैं, मौके पर घी के सैंपल जुटाए गए हैं जिनकी जांच करवाई जा रही है तथा पूरे गोदाम को सिज कर दिया गया है जानकारी के अनुसार जोधपुरके मंडोर में घी का एक बहुत बड़ा बाजार है यहां पर रोजाना भारी मात्रा में घी का क्रय विक्रय होता है यहां घी की बड़ी मंडी है इसलिए कई बार अब से पहले भी यहां नकली की बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया है लेकिन कई बार छापामार कार्रवाई को अंजाम देने के बाद और इस मामले में दोषी लोगों को गिरफ्तार करने के बाद भी यहां नकली घी का कारोबार बड़ेस्तर पर किया जाता है इसलिए इस इलाके पर रसद विभाग पुलिस और प्रशासन की कड़ी निगरानी थी रखी जाती है लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से यहां नकली घी का कारोबार बढ़ता जा रहा है वह कहीं ना कहीं यह दिखाता है कि इस नकली घी के कारोबार में उच्च स्तर पर मिली भगत की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता फिलहाल शनिवार को मंडोर में जिस नकली की के गोदाम का खुलासा किया गया है उसके मालिकों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है इसके अलावा गोदाम से जुड़े कर्मचारियों से भी पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि यह गोदामकब से संचालित हो रहा है और इस गोडम घी कहां से निर्माणहोकर आता है और यहां से घी का वितरण कहां-कहां और किन-किन लोगों को कब से किया जा रहा है इन सब बातों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार नकली उत्पाद तैयार करने वाले और नकली खाद्य सामग्री बनाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कृत संकल्प है इसके लिए संबंधित विभागों को गंभीरता से कार्य करके दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को भी कहा गया है जिसके फल स्वरुप रोजाना प्रदेश में किसी न किसी इलाके में नकली खाद्य सामग्री और अन्य नकली उत्पाद बरामद भी किया जा रहे हैं और लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी नकली, दूध, पनीर जैसी खाद्य सामग्रियां बड़ी मात्रा में प्रदेश में तैयार की जाती हैं जो मानव जाति के लिए काफी विनाशकारी है इन नकली खाद्य सामग्रियों का उपयोग करने से यह धीमा जहर लोगों की शारीरिक और मानसिक हालत को काफी कमजोर कर देता है इसलिए नकली सामान बनाने वाले और नकली खाद्य सामग्री बनाने वाले लोगों के खिलाफ सरकार को और भी गंभीरता से काम करना होगा

### विख्यात खेड़ापति बालाजी मंदिर गलता तीर्थ की संपत्ति :

## कोर्ट ने पुजारी को हटाने के लिए निर्देश, देवस्थान विभाग करेगा संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** फागी कोर्ट ने माधोराजपुरा स्थित विख्यात खेड़ापति बालाजी मंदिर को गलता तीर्थ की संपत्ति माना गया है और मंदिर के पुजारी को हटाने के आदेश के साथ देवस्थान विभाग को इस मंदिर का संचालन करने के निर्देश दिए हैं जानकारी के अनुसार यह मामला पिछले 37 साल से न्यायालय में विचाराधीन था इस दौरान कई बार मामले की तारीख में दोनों पक्षों की ओर से वकीलों ने बहस की दोनों पक्षों की ओर से अपनी अपनी ओर से विभिन्न दस्तावेज कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर अपने अधिकार बताया अब फागी कोर्ट ने इस मंदिर को गलता तीर्थ की संपत्ति माना है और वर्तमान में जिस तरह से गलता तीर्थ का संचालन भी देवस्थान विभाग की ओर से किया जा रहा है तो इस मंदिर का संचालन भी देवस्थान विभाग की ओर से सुनिश्चित किया जाना कोर्ट ने निर्धारित किया है और मंदिर के वर्तमान पुजारी बालकिशन को हटाने के निर्देश दिए हैं घ्जानकारी के अनुसार खेड़ापति बालाजी मंदिर करीब 300 साल पुराना है इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा जयपुर विरासत के दीवान ने की थी जयपुर विरासत के दीवानों को सपने में बालाजी की मूर्ति देखी थी और उन्हें इस मूर्ति को स्थापित करने के लिए कहा था जिसके बाद जयपुर विरासत के दीवाने इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई मंदिर परिसर में एक हनुमान कुंड भी बना हुआ है जिसका पानी पीने से सभी तरह की शरीर की व्याधि दूर होने की मान्यता है यहां पर रोजाना बड़ी



संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं इस मंदिर की मान्यता बहुत ज्यादा है और राजस्थान के कोने-कोने से ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों से भी यहां पर लोग दर्शन करने के लिए आते हैं इस मंदिर में बड़े-बड़े राजनेता अधिकारी व्यापारी सभी क्षेत्र के बड़े-बड़े लोग दर्शन करने आते हैं उल्लेखनीय है कि विख्यात गलता तीर्थ के पूर्व महंत स्वामी अवधेशाचार्य को भी कुछ साल पहले कोर्ट ने मंदिर की पूजा करने से हटा दिया था और गलता तीर्थ को देवस्थान विभाग को संचालित करने की निर्देश दिए थे इसके बाद गलतातीर्थ का देवस्थान विभाग की ओर से ही संचालित किया जा रहा है इसलिए जाहिर तौर पर जब कोर्ट ने खेड़ापति बालाजी मंदिर को भी गलता तीर्थ की संपत्ति माना है तो इस मंदिर का संचालन भी देवस्थान विभाग को करने की जिम्मेदारी कोर्ट ने दी है ।

## दिव्य पूर्वी मंदिर यात्रा नामक एक नया रेल-आधारित पर्यटन सर्किट लॉन्चः कई प्रमुख तीर्थ स्थल का भ्रमण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारत गौरव डीलक्स पर्यटक ट्रेन 9 मार्च, 2026 को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। प्रमुख धरोहर स्थल, मंदिर और समुद्र तट, साथ ही गंगासागर में स्नान, इस यात्रा के मुख्य आकर्षण हैं। ट्रेन में एसी फर्स्ट, सेकंड, और थर्ड श्रेणियों में 150 पर्यटकों के बैठने की क्षमता है, साथ ही इसमें 2 रेस्तरां कार भी हैं, जो इस ट्रेन का एक प्रमुख आकर्षण है जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड जो भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, ने अपनी भारत गौरव डीलक्स पर्यटक ट्रेन पर दिव्य पूर्वी मंदिर यात्रा नामक एक नया पर्यटन सर्किट शुरू किया है सावधानीपूर्वक तैयार की गई यह 10 दिवसीय रेल यात्रा श्रद्धालुओं और यात्रियों को उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के कुछ सबसे पूजनीय तीर्थ स्थलों और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध विरासत स्थलों के दर्शन का अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह यात्रा दिल्ली के सफदरजंग से शुरू होगी और वाराणसी, कोलकाता, गंगासागर, पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क, चिलिका और बैद्यनाथ धाम होते हुए दिल्ली वापस लौटेगी। यात्रा के प्रमुख स्थलों में वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर (ज्योतिर्लिंग) और गंगा आरती शामिल हैं। इसके बाद भारत की सांस्कृतिक राजधानी कोलकाता की यात्रा होगी, जिसमें विक्टोरिया मेमोरियल और अन्य शहर के आकर्षण तथा काली घाट (शक्ति पीठ) और दक्षिणेश्वर काली मंदिर जैसे महत्वपूर्ण मंदिर शामिल हैं। गंगासागर के पवित्र तटों की एक दिवसीय यात्रा, जिसमें सागर संगम में स्नान और कपिल मुनि मंदिर के दर्शन शामिल हैं, इस यात्रा का मुख्य आकर्षण है।यह यात्रा पुरी तक जारी रहेगी, जहां आपको पूजनीय श्री जगन्नाथ मंदिर के दर्शन के साथ-साथ भुवनेश्वर, धौली शांति स्तूप, उदयगिरि और खंडगिरि गुफाएं, कोणार्क सूर्य मंदिर (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल) और अन्य दर्शनीय स्थलों सहित ओडिशा के व्यापक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा। यात्रा का अंतिम आध्यात्मिक गंतव्य भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक बैद्यनाथ धाम (देवघर) है, जहां से 18 मार्च 2026 को दिल्ली के सफदरजंग लौटकर एक यादगार और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा का समापन होगा।

आईआरसीटीसी का यह सर्व-समावेशी टूर धार्मिक और मनोरंजक पर्यटन का एक आदर्श मिश्रण है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को एक सहज, सुरक्षित और समृद्ध यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

## मई महीने से शुरू होगी जनगणनाः लैपटॉप में दर्ज की जाएगी प्रत्येक परिवार की सभी जानकारियां

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में आगामी मई महीने में शुरू होने जा रही जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन और व्यवस्थित ढंग से संपादित की जाएगी इस बार जनगणना करने वाले कर्मचारी कागज पर परिवार की जानकारियां अंकित करने की वजह है लैपटॉप में सभी जानकारियां अंकित करेंगे अत्याधुनिक तरीके से संपादित किए जाने वाले जनगणना के कार्य में प्रत्येक व्यक्ति के घर के बारे में पूछा जाएगा घर पक्का है या कच्चा घर में टाइल लगी हुई है या फिर कच्चे तरीके से घर को बनाया गया है घर में कितने कमरे हैं घर कितने मंजिल का है कितने सदस्य हैं और घर में किस-किस के पास कैसा कैसा मोबाइल है घर में कितनी गाड़ियां हैं घर में कितने पशु हैं परिवार के सदस्यों की आयु और इनकम के तमाम स्रोत के बारे में पूछा जाएगा परिवार के कितने सदस्य सरकारी नौकरी में है कितने बच्चे हैं कितनी लड़कियां हैं कहां तक स्टडी की हुई है इन तमाम तरह की जानकारी को इस बार लैपटॉप में दर्ज किया जाएगा ताकि विभिन्न जाति और संप्रदाय के लोगों की संख्या का ही वास्तविक आंकड़ा सामने नहीं आए बल्कि यह भी देखने को मिलेगी कितने लोग आर्थिक रूप से मजबूत है और कितने लोग मध्यम श्रेणी के और कितने गरीब हैं इस तरह की तमाम तरह की जानकारियां सामने आने के बाद केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार को जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने में भी काफी मदद मिलेगी जानकारी के अनुसार मतगणना करने वाले कर्मचारी अब एक ही जगह पर बैठकर किसी भी परिवार की जानकारी हासिल करने की वजह है घर-घर जाकर अपनी आंखों से वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर और पूछताछ करके सत्य जानकारी लैपटॉप में इंगित करेंगे इस बार बहुत ही व्यवस्थित तरीके से जनगणना के काम को अंजाम दिया जाएगा इसके लिए विभागीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है इससे पहले 2011 में प्रदेश में जनगणना का कार्य हुआ था अब 15 साल बाद यह कार्य फिर से शुरू हो रहा है ।

# भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुनिश्चित हो राजस्थान का सुव्यवस्थित विकासः वी. श्रीनिवास

### समयबद्ध, पारदर्शी और सुव्यवस्थित शहरी विकास पर मुख्य सचिव का फोकस

### जयपुर विकास प्राधिकरण में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, अधिकारियों को निर्देश

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के सभागार में नगरीय विकास व आवासन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक लेकर शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार राजस्थान का सुव्यवस्थित, पारदर्शी व भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नगरीय विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध, समन्वित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ शहरी विकास कार्यों को गति दी जानी आवश्यक है। उन्होंने बजट घोषणा के अनुसार जयपुर शहर के समीप हाईटेक सिटी जल्द विकसित करने के निर्देश देते हुए इसके लिए अधिकारियों को विशाखापत्तनम की क्वांटम सिटी व तेलंगाना की आईटी सिटी का अध्ययन करने को कहा, ताकि आधुनिक शहरी नियोजन, तकनीकी अधोसंरचना और नवाचार आधारित मॉडल को जयपुर में अपनाया जा सके। मुख्य सचिव ने विभाग में लंबित प्रकरणों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को अधिवक्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा न्यायालयीन प्रकरणों में राज्य सरकार का पक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख शासन सचिव देवाशीष पृष्टि व जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने वर्तमान में जारी विकास परियोजनाओं व भविष्य की कार्ययोजना पर आधारित प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया। समीक्षा बैठक के दौरान श्रीनिवास ने विभाग में 5 करोड़ से अधिक राशि के प्रगतिरत निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही नगरीय विकास विभाग की बजट घोषणाओं वर्ष 2024-25 व 2025-26 की वर्तमान स्थिति, सड़कों की मरम्मत, नवीनीकरण व गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े कार्यों, सीबीयूडी ऐप के प्रभावी उपयोग तथा विभिन्न शहरों के लिए तैयार किए जा रहे मास्टर प्लान की वर्तमान स्थिति एवं आगामी रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में 31 मार्च 2025 तक मासिक राजस्व प्राप्ति, बकाया राज्यांश के विरुद्ध जमा राशि व शेष बकाया की स्थिति, लंबित ऑडिट पैरा की समीक्षा की गई तथा उच्च न्यायालय में लंबित व अवमानना प्रकरणों, जिनमें राज्य सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत किया जाना शेष है, पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यास जैसलमेर की ओर से प्रस्तावित थीम पार्क निर्माण का प्रस्तुतीकरण भी किया गया इसी के साथ ही कोटा व जोधपुर विकास प्राधिकरण की ओर से भी वहाँ करवाए जा रहे शहरी सौंदर्यकरण व जनउपयोगी कार्यों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विभागीय समन्वय, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि दूरगामी सोच, रचनात्मक दृष्टिकोण और समन्वित प्रयासों से ही समावेशी व सतत शहरी विकास को सही दिशा दी जा सकती है। बैठक में प्रमुख शासन सचिव देवाशीष पृष्टि, जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन, सहित नगरीय विकास विभाग व जयपुर विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही सभी नगरीय विकास न्यास व प्राधिकरण के उच्च अधिकारिय वीसी के माध्यम से जुड़े।

जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
8 फरवरी, 2026

## जगद्गुरु निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज ने किया चिरायु कैंसर इंस्टीट्यूट का उद्घाटन

### अब जयपुर में स्वदेशी हाईटेक रेडिएशन मशीन से मिलेगा विश्वस्तरीय इलाज



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** कालवाड़ रोड स्थित चिरायु अस्पताल में सोमवार को अत्याधुनिक चिरायु कैंसर इंस्टीट्यूट का विधिवत उद्घाटन जगद्गुरु निम्बार्काचार्य श्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने किया। इस अवसर पर रेडिएशन थेरेपी के लिए स्थापित नवीनतम और पूर्णतः स्वदेशी लीनियर मशीन का पूजन कर शुभारंभ किया गया। अस्पताल परिसर में आगमन पर श्रीजी महाराज का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने चरण पादुका पूजन किया। चेयरमेन डॉ. मनोज चौधरी ने स्वागत किया, जबकि डायरेक्टर मंजू चौधरी व डॉ. निक्की पुनिया ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन सर्वेश्वर शर्मा ने किया। अपने उद्बोधन में श्रीजी महाराज ने कहा कि चिरायु अस्पताल परिवार को शुभकामनाएं देना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि रेडिएशन के लिए स्वदेशी मशीन की स्थापना गर्व की बात है। विगत 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह मशीन गरीब से गरीब व्यक्ति तक को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएगी और पूरे मारवाड़ क्षेत्र के लिए संजीवनी सिद्ध होगी। चिरायु हॉस्पिटल के डायरेक्टर मोहित चौधरी ने बताया कि कैंसर उपचार को सुलभ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण स्वदेशी व अत्याधुनिक हाईटेक लीनियर मशीन स्थापित की गई है। यह कालवाड़ रोड क्षेत्र की पहली ऐसी मशीन है, जिससे रेडिएशन थेरेपी का लाभ स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित हाथोज धाम के विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि चिरायु अस्पताल ने धाम के समीप विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। आयुष्मान योजना के तहत यहां निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलना आमजन के लिए बड़ी राहत है। अस्पताल के चेयरमेन डॉ. मनोज चौधरी ने कहा कि कैंसर मरीजों को अब उन्नत उपचार के साथ नई राहत मिलेगी और स्वस्थ होकर घर लौटते मरीज हम सभी के लिए गर्व का विषय होंगे। श्रीजी महाराज के कर कमलों से कैंसर इंस्टीट्यूट का उद्घाटन होना सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. विजय खीचड़, अनिता खीचड़, घुमंतु महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा, आध्यात्मिक चिकित्सक आचार्य तरुण कुमार, समाजसेवी प्रवीण शर्मा, न्यूमेरोलॉजिस्ट महान शर्मा, जाट महासभा के राजाराम मील सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि, निम्बार्क परिकर, नागरिक व अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया।

## पानी पतासी से पिज़्ज़ा-बर्गर तक जहर का खेल सेहत पर पड़ रहा असर

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे में स्कूलों के आसपास पानी पतासी, चाट, पिज़्ज़ा और बर्गर की दुकानों की बाढ़ आ चुकी है। न गुणवत्ता की गारंटी, न साफ-सफाई का भरोसा, फिर भी बच्चों की थालियों में ये फास्ट फूड धड़ल्ले से परोसे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से न नियमित निरीक्षण हो रहे हैं, न ही सैंपलिंग और लैब जांच की कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। सवाल सीधा है। जब बच्चों की सेहत दांव पर है, तो जिम्मेदार विभाग आखिर कर क्या रहे हैं? स्थानीय लोगों का आरोप है कि खुलेआम मिल रहे संदिग्ध खाद्य पदार्थों पर प्रशासन की नजर ही नहीं है। बाजारों में बिना लाइसेंस और बिना मानकों के चल रही दुकानों पर कोई लगाम नहीं और विभागीय कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रही है। इसी बीच बच्चों में पेट संबंधी बीमारियों की शिकायतें बढ़ रही हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग और सीएमएचओ की ओर से न जागरूकता अभियान दिख रहा है, न ही कोई सख्त कदम।अभिभावकों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि अभी भी जांच, सैंपलिंग और सख्त नियम लागू नहीं किए गए तो आने वाले समय में बच्चों की सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है। अब प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग और स्वास्थ्य महकमे की जिम्मेदारी है कि वे नींद से जागें, नियमित जांच शुरू करें और फास्ट फूड के इस बेलगाम बाजार पर तुरंत शिकंजा कसें। वरना बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ का यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

## किताबी ज्ञान तक सीमित न रहे, बौद्धिक विकास पर करें ध्यान केंद्रितः काला



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राउमावि हनुमानपुरा प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला कहा कि आज का समय विज्ञान एवं तकनीकी का युग है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रहते हुए अपने बौद्धिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। काला शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि, मण्डावा आयोजित वार्षिकोत्सव वं प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर अध्यक्षीय रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश हित की भावना को आगे रखते हुए हमेशा नवाचार करें। उन्होंने कहा की विद्यार्थी हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें, बड़े सपने देखे, कड़ी मेहनत करें और कभी भी सीखना बंद ना करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश व समाज के विकास के लिए कार्य करें और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समारोह के मुख्य अतिथि सीबीईओ पवन कुमार रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने गत वर्ष के मेधावी विद्यार्थियों तथा खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतिया दी। स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या पूनम गढ़वाल ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में सुनील जांगिड़ दिनेश सैनी, कुलदीप सिंह, संगीता, सरिता, मरूधर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जोर पकड़ता एक बच्चे का चलन

*पहले एक नई जीवनशैली में रचना-बसना चाहते हैं, फिर बच्चों के बारे में सोचते हैं। इन दिनों मध्यवर्ग में एक बच्चे का चलन भी बढ़ा है। इसका कारण यह कि इन दिनों बच्चे पालना महंगा है। यदि माता-पिता दोनों भी कमाते हैं, तो बताया जाता है कि एक बच्चे की देखभाल, शिक्षा-दीक्षा में ही एक वेतन खर्च हो जाता है। एक बच्चे के बारे में पुरानी अवधारणा थी कि वह अपने को बहुत अकेला महसूस करता है। उसे जीवनभर साथीपन की कमी सालती है। अब यह भी नहीं रहा कि बेटी है, तो बेटा जरूर चाहिए। कुछ दिन पहले एक अखबार ने उन माता-पिता से बातचीत की थी, जिनके एक बेटा या एक बेटी है। उन अभिभावकों ने बताया था कि उनके एक बच्चे को कभी कोई समस्या नहीं हुई, बल्कि वे जीवन को जीना जल्दी सीख जाते हैं। अपना काम खुद करते हैं। अधिक अनुशासित होते हैं। अपने देश में उस पीढ़ी को अधिक समय नहीं बीता है, जब घर में पांच-छह भाई-बहन होना मामूली बात थी। घर में आय का साधन एकमात्र कमाने वाले पिता होते थे। सरकारी स्कूलों में पढ़कर भी बच्चे ठीक-ठाक नौकरी पा जाते थे। उनके विवाह भी 30 से पहले हो जाते थे। उन दिनों नौकरी करने वाली स्त्री का मतलब किसी आपदा की मारी कोई स्त्री ही होती थी। स्त्री की पढ़ाई का मतलब उसकी नौकरी या आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि यह माना जाता था कि अगर कहीं*



**पि**छले दिनों दिल्ली में महिलाओं पर किए गए एक सर्वे में बताया गया कि अब स्त्रियां 30 की उम्र के बाद ही संतान चाहती हैं। 2024 में किए गए एक अन्य सर्वे में पता चला था कि चार में से एक बच्चे को 30 से अधिक उम्र वाली महिला ने जन्म दिया। 30 से 35 वर्ष की माताओं की संख्या 2005 से 2024 तक 2.7 प्रतिशत से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गई।

20 से 24 साल की उम्र में मां बनने वाली महिलाओं की संख्या 2024 में घटकर 27.1 प्रतिशत रह गई। लंबे समय तक माना जाता रहा है कि महिलाओं की मां बनने की उम्र 30 के बाद ठीक नहीं होती, लेकिन अब वक्त बदल गया है। स्त्रियां अब पढ़ना चाहती हैं। नौकरी करना चाहती हैं। तरक्की के लिए नौकरियां बदलती भी रहती हैं। अपने स्वास्थ्य के ऊपर भी उनका ध्यान बढ़ा है। विवाह उनकी प्राथमिकता में नहीं रहा। यदि विवाह करती भी हैं, तो देर से। एक जमाने में यदि किसी लड़की की उम्र 30 के पार पहुंच जाती थी, तो मान लिया जाता था कि अब उसका विवाह नहीं होगा या कैसे होगा, क्योंकि इस उम्र तक तो लड़के ही कुंवारे नहीं बैठे रहते, लेकिन अब प्रायः लड़के-लड़कियों के विवाह 30 के बाद की उम्र में हो रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण बढ़ता शहरीकरण भी है। फिर विवाह के बाद ये लोग एकदम से बच्चे नहीं चाहते। पहले एक नई जीवनशैली में रचना-बसना चाहते हैं, फिर बच्चों के बारे में सोचते हैं।

इन दिनों मध्यवर्ग में एक बच्चे का चलन भी बढ़ा है। इसका कारण यह कि इन दिनों बच्चे पालना महंगा है। यदि माता-पिता दोनों भी कमाते हैं, तो बताया जाता है कि एक बच्चे की देखभाल, शिक्षा-दीक्षा में ही एक वेतन खर्च हो जाता है। एक बच्चे के बारे में पुरानी अवधारणा थी कि वह अपने को बहुत अकेला महसूस करता है। उसे जीवनभर साथीपन की कमी सालती है। अब यह भी नहीं रहा कि बेटी है, तो बेटा जरूर चाहिए।

कुछ दिन पहले एक अखबार ने उन माता-पिता से बातचीत की थी, जिनके एक बेटा या एक बेटी है। उन अभिभावकों ने बताया था कि उनके एक बच्चे को कभी कोई समस्या नहीं हुई, बल्कि वे जीवन को जीना जल्दी सीख जाते हैं। अपना काम खुद करते हैं। अधिक अनुशासित होते हैं।

अपने देश में उस पीढ़ी को अधिक समय नहीं बीता है, जब घर में पांच-छह भाई-बहन होना मामूली बात थी। घर में आय का साधन एकमात्र कमाने वाले पिता होते थे। सरकारी स्कूलों में पढ़कर भी बच्चे ठीक-ठाक नौकरी पा जाते थे। उनके विवाह भी 30 से पहले हो जाते थे। उन दिनों नौकरी करने वाली स्त्री का मतलब किसी आपदा की मारी कोई स्त्री ही होती थी। स्त्री की पढ़ाई का मतलब उसकी नौकरी या आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि यह माना जाता था कि अगर कहीं दूर-देश ब्याह दी जाए, तो कम से कम चिट्ठी-पत्री लिखकर अपना हाल-चाल तो दे सके।

फिर एक ऐसा दौर भी आया जब देश में अल्ट्रासाउंड के जरिये गर्भ में ही लड़कियों को मारने वालों की बाढ़ आ गई। भ्रूण हत्या पर हालांकि सरकार ने रोक लगा रखी है, लेकिन अब भी यदा-कदा इसकी खबरें आती रहती हैं, लेकिन जैसे-जैसे लड़कियां पढ़ी-लिखीं, आगे बढ़ीं, उन्होंने अपने लिए बनाई गई छवियों को ध्वस्त कर दिया। 1975 में अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष मनाया गया, तब से अपने यहां स्त्रियों के मसले भी जोर-शोर से उठाए गए। उनकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर अधिक जोर दिया गया। विवाह और बच्चे पहली प्राथमिकता से बहुत पीछे चले गए। आज किसी साधन-संपन्न लड़की से पूछें या किसी गरीब से, सब इस बात पर एकमत हैं कि पहले वे पढ़ना चाहती हैं, नौकरी करना चाहती हैं, उसके बाद ही शादी आदि के बारे में सोचेंगी।

अब हम दो-हमारे दो जैसे नारे कहीं सुनाई नहीं देते। स्त्रियों के नजरिये से देखा जाए, तो यह ठीक मालूम पड़ता है कि एक बच्चा हो, लेकिन विश्व स्तर पर जो बातें दिखाई दे रही हैं, हो सकता है कि भारत को भी 50 साल बाद यही भुगतना पड़े। एक समय में चीन की जनसंख्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा थी। वहां की सरकार ने एक बच्चा नीति को सख्ती से लागू किया। अब उसी चीन की हालत क्या है। वहां लगातार युवाओं की कमी हो रही है और वृद्धों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस कारण वहां की सरकार युवाओं को तरह-तरह के प्रलोभन दे रही है।

युवा डेटिंग पर जाएं, विवाह करें, बच्चे पैदा करें इसके लिए अधिक छुट्टियां और विशेष पैकेज दिए जा रहे हैं। मातृत्व अवकाश को बढ़ाया जा रहा है। पिताओं को भी छुट्टी दी जा रही है, मगर युवा विशेषकर स्त्रियां, बच्चे नहीं चाहतीं। वे सरकार के किसी प्रलोभन में नहीं फंस रहीं। यही हाल जापान का है। वहां भी कम बच्चे जन्म ले रहे हैं। यूरोप के बहुत से देशों में भी ऐसा है।


*डिजिटल मीडिया का दुरुपयोग आज एक महामारी की तरह फैल चुका है। फेक न्यूज, ट्रोलिंग और साइबरबुलिंग ने वर्चुअल स्पेस को एक युद्ध का मैदान बना दिया है। सबसे भयावह रूप तब सामने आता है, जब किसी की निजी जानकारी या तस्वीरें उसकी मर्जी के बिना सार्वजनिक कर दी जाती हैं। इसे डॉक्सिंग कहा जाता है। यह केवल तकनीक का गलत इस्तेमाल नहीं है, बल्कि यह एक इंसान की गरिमा पर सीधा हमला है। जब कोई अपमानजनक सामग्री एक बार वायरल हो जाती है, तो उसे पूरी तरह मिटाना लगभग असंभव हो जाता है। डिजिटल दुनिया में कुछ भी स्थायी रूप से मरता नहीं है, वह बस दबा रहता है और समय-समय पर बाहर आता रहता है। यहीं पर राइट टू बी फॉरगाटेन की अवधारणा उम्मीद की किरण है। व्यक्ति को यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने पुराने, अप्रासंगिक या गलत डिजिटल*

# जवाबदेही के दायरे में आएं टेक कंपनियां

**सु**बह की पहली किरण के साथ जब हम अपने स्मार्टफोन का स्क्रीन अनलॉक करते हैं, तो हम केवल एक उपकरण नहीं खोलते, बल्कि एक ऐसी दुनिया में प्रवेश करते हैं, जो कभी सोती नहीं है। यह डिजिटल दुनिया जितनी चमकदार है, उतनी ही बेरहम भी। आज हमारे जीवन का एक बड़ा हिस्सा डिजिटल मीडिया के गलियारों में बीत रहा है।

हमारी पहचान, रिश्ते और समाज में प्रतिष्ठा अब हमारे पदचिह्नों यानी डिजिटल फुटप्रिंट्स से तय होती है, पर समस्या तब शुरू होती है जब ये पदचिह्न हमारी वर्तमान पहचान के लिए बोझ बन जाते हैं। कल्पना कीजिए एक ऐसे युवक की, जिस पर दस साल पहले एक छोटा आरोप लगा था। अदालत ने उसे ससम्मान बरी कर दिया, लेकिन आज जब कोई कंपनी उसे नौकरी देने के लिए उसका नाम गूगल करती है, तो सबसे ऊपर वही पुरानी गिरफ्तारी की खबर चमकती है। यही वह बिंदु है जहां राइट टू बी फॉरगाटेन यानी भुला दिए जाने का अधिकार विलासिता नहीं, बल्कि जीने के अधिकार का हिस्सा बन जाता है।

डिजिटल मीडिया का दुरुपयोग आज एक महामारी की तरह फैल चुका है। फेक न्यूज, ट्रोलिंग और साइबरबुलिंग ने वर्चुअल स्पेस को एक युद्ध का मैदान बना दिया है। सबसे भयावह रूप तब सामने आता है, जब किसी की निजी जानकारी या तस्वीरें उसकी मर्जी के बिना सार्वजनिक कर दी जाती हैं। इसे डॉक्सिंग कहा जाता है। यह केवल तकनीक का गलत इस्तेमाल नहीं है, बल्कि यह एक इंसान की गरिमा पर सीधा हमला है। जब कोई अपमानजनक सामग्री एक बार वायरल हो जाती है, तो उसे पूरी तरह मिटाना लगभग असंभव हो जाता है। डिजिटल दुनिया में कुछ भी स्थायी रूप से मरता नहीं है, वह बस दबा रहता है और समय-समय पर बाहर आता रहता है।



यहीं पर राइट टू बी फॉरगाटेन की अवधारणा उम्मीद की किरण है। व्यक्ति को यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने पुराने, अप्रासंगिक या गलत डिजिटल रिकॉर्ड्स को हटवा सके। यूरोपीय संघ का एक कानून इस मामले में एक मिसाल है। वहां के एक चर्चित मामले में यह तय हुआ कि अगर कोई जानकारी अब जरूरी नहीं है, तो उसे सर्च रिजल्ट्स से हटाना होगा। भारत में भी इस अधिकार की सुगबुगाहट तेज हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने पुट्टास्वामी केस में निजता को मौलिक अधिकार तो माना, लेकिन राइट टू बी फॉरगाटेन अभी भी एक कानूनी धुंध में फंसा हुआ है। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल में माना कि एक व्यक्ति को अपनी पुरानी गलतियों या विवादों से आगे बढ़ने का हक है। क्या हमारे पास इसके लिए कोई ठोस कानून है?

भारत का डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 इस दिशा में एक कदम जरूर है। यह डाटा मिटाने का अधिकार देता है, लेकिन इसमें कई पेच हैं। जब कोई व्यक्ति अपना डाटा हटवाने की मांग करता है, तो उसके सामने अभिव्यक्ति की आजादी और न्यायिक पारदर्शिता की दीवार खड़ी हो जाती है। मिसाल के तौर पर, क्या एक भ्रष्ट नेता यह कह सकता है कि लोग उसके पुराने घोटाले भूल जाएं, क्योंकि अब वह सुधर गया है? निश्चित रूप से नहीं। जनता को जानने का अधिकार और सार्वजनिक हित हमेशा निजी निजता से ऊपर रहेगा, लेकिन एक सामान्य नागरिक, जो किसी झूठे मुकदमे या निजी विवाद का शिकार हुआ है, उसे अदालतों के चक्कर क्यों काटने पड़ें? हमारे वर्तमान कानून में एक ऐसी स्पष्ट प्रक्रिया की कमी है, जो टेक कंपनियों को जवाबदेह ठहरा सके।

# गड्ढों में गिरी व्यवस्था

नोएडा में एक कार सवार इंजीनियर की गड्ढे में गिरने से मौत का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि दिल्ली में भी एक बाइक सवार युवक की गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। यह गड्ढा दिल्ली जल बोर्ड की ओर से खोदा गया था। नोएडा की तरह दिल्ली के इस गड्ढे के पास भी न तो कोई बैरीकेडिंग थी और न ही किसी तरह का चेतावनी बोर्ड। इसका मतलब है कि नोएडा की घटना के बाद भी उससे सटी दिल्ली में कोई सबक नहीं सीखा गया। दिल्ली की घटना पर नोएडा की तरह कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। कुछ भी किया जाए, काल के गाल में समा गए युवक की जिंदगी लौटने वाली नहीं। इस युवक की मौत को हादसा कहना घटना की



गंभीरता को कम करना होगा। यह हादसा नहीं, एक हत्यारी लापरवाही है। नोएडा और दिल्ली जैसी घटनाएं अपवाद नहीं हैं। अपने देश में ऐसी घटनाएं रह-रहकर घटती ही रहती हैं। लोग सड़क किनारे खोदे गए गड्ढों या फिर टूटी सड़कों में गिरकर मरते ही रहते हैं। बहुत सी जानलेवा घटनाएं इसलिए होती हैं कि जोखिम भरे स्थान अंधेरे में डूबे होते हैं और वहां लोगों को सावधान करने वाले कोई संकेत भी नहीं होते। जब देश की राजधानी और उससे लगे क्षेत्रों में यह हाल है, तब फिर दूर-दराज के शहरों में कितनी चौकसी बरती जाती होगी, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। बड़े शहरों में तो व्यवस्था के नाकारापन और संवेदनहीनता से होने वाली मौतें फिर भी चर्चा में आ जाती हैं और दिखावटी ही सही, कोई कार्रवाई भी हो जाती है, लेकिन छोटे शहरों में किसी के कान पर जूं भी नहीं रेंगती। अपने यहां सड़क, बिजली, पानी उपलब्ध कराने और मार्ग प्रकाश, यातायात आदि की देखभाल करने वाली एजेंसियों की लापरवाही के कारण प्रति वर्ष न जाने कितने लोग जान गंवाते हैं। आम तौर पर ऐसी मौतों को दुर्घटना करार दिया जाता है और जो लोग अपने स्वजन खोते हैं, वे उसे विधि का विधान मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि नोएडा और दिल्ली सरीखी जानलेवा घटनाएं इसलिए होती रहती हैं, क्योंकि लोगों की मौतों के लिए जवाबदेह कर्मचारी और अधिकारी कभी कठोर दंड के भागीदार नहीं बनते। वे अधिक से अधिक निलंबित होते हैं। सब जानते हैं कि निलंबन कोई सजा नहीं होती और बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई कठिनाई से ही होती है। जिम्मेदार विभागों पर भारी भरकम जुर्माना भी नहीं लगाया जाता। इसी कारण कोई चेतता नहीं।

# धौलपुर में एसपी विकास सांगवान की मैराथन क्राइम मीटिंग, 'ऑपरेशन शिकंजा' सहित अभियानों की सख्त समीक्षा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त वृताधिकारियों, थानाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी लेकर लंबित मामलों, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा पुलिस मुख्यालय की ओर से संचालित विशेष अभियानों की गहन समीक्षा की। सुबह 11 बजे शुरू हुई यह क्राइम मीटिंग करीब चार घंटे तक चली। बैठक में एसपी सांगवान ने थाना-वार लंबित मर्ग प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों, दुष्कर्म के दो माह से पेंडिंग मामलों, एससी/एसटी व पोक्सो अधिनियम से जुड़े दो माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों, लोकसेवकों पर हमले के मामलों तथा हत्या, डकैती, लूट व दुष्कर्म के अनट्रेस प्रकरणों के त्वरित खुलासे के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

'ऑपरेशन शिकंजा' अभियान के तहत थाना-वार अब तक की गई कार्रवाइयों की समीक्षा करते हुए एसपी ने और अधिक प्रभावी व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदतन अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने, नए हिस्ट्रीशीटर चिन्हित कर हिस्ट्रीशीट खोलने, चोरी व नकबजनी जैसे अपराधों पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थों के परिवहन की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर कमी लाने, बीट क्षेत्रों में सतत निगरानी, लंबित मामलों व मालखानों के माल का शीघ्र निस्तारण तथा मालखानों में व्यवस्थित तरीके से माल रखने के निर्देश दिए गए। निरंतर गश्त और बदमाशों की सक्रिय निगरानी पर भी विशेष बल दिया गया। एसपी सांगवान ने थानों में लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण, थाना भवनों व स्वागत कक्षों की साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरों के नियमित रखरखाव तथा आमजन से सहज व संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। साथ ही सायंकालीन गश्त को प्रभावी बनाने, थानों के बंद पड़े लैंडलाइन टेलीफोन शुरू कराने और प्रत्येक थाने के बाहर नाम का इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाने के आदेश भी दिए। बैठक में वांछित अपराधियों व न्यायालय से घोषित स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी पर विशेष ध्यान देने, नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और नाकाबंदी कर असामाजिक तत्वों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए गए। अपराध गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ प्रकोष्ठ हवा सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हीनियस क्राइम मॉनिटरिंग यूनिट धौलपुर गिर्राज मीणा सहित जिले के सभी वृताधिकारी, थानाधिकारी व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपशिष्ट पदार्थ बदबू से लोगों का जीवन बेहाल

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** गढ़ परिसर स्थित प्राचीन कालीन सुरक्षात्मक दृष्टि से बनाई गई नहर में कुछ लोगों की ओर से अर्धरात्रि के बाद मांस के अपशिष्ट चोरी चुपके नहर में डाले जा रहे हैं। जिससे वार्ड नंबर 31 के नागरिक परेशान है नगर परिषद के पूर्व पार्षद विक्रम सिंह जोधा ने बताया कि चौंमू के प्राचीन कालीन नहर में रात को कुछ लोगों की ओर से मांस का अपशिष्ट डाला जाता है जिससे उसे नहर के पास रहने वाले नागरिक बदबू से बेहाल है। उनका जीवन जीना मुश्किल हो रहा है पुराने बैंक ऑफ़ बड़ौदा से लेकर ग्वारियो की मोरी तक हॉस्पिटल कैंपस के पास के क्षेत्र में अपशिष्ट पदार्थ से और उसकी दुर्गंध से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। इस क्षेत्र में राजकीय चिकित्सालय, गर्ल्स स्कूल और गणेश जी का मंदिर भी स्थित है। इसलिए नगर परिषद और उपखंड प्रशासन से अपील की जाती है ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाए जो रात के अंधेरे का फायदा उठाकर गंदे अपशिष्ट नहर में डालकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

## अजंता स्कूल के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर के गिरिराज नगर स्थित अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को आज भावभीनी विदाई दी गई। कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को विदाई देने की संपूर्ण व्यवस्था की। स्कूल परिवार ने सभी दसवीं कक्षा के बच्चों को यादों के तौर पर ग्रुप फोटो भेंट की। डीजे की धुनों पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर मालीराम यादव और प्रधानाचार्य संगीता तिवारी ने भावुक होते हुए कहा कि 13 वर्षों से हम इन बच्चों को पढ़ा रहे हैं । आज यह स्कूल से दूर जा रहे हैं, लेकिन हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे। यह सभी उत्तरोत्तर वृद्धि करते जाएं यही ईश्वर से कामना है। मंच का संचालन ललित सैनी ने किया। विदाई समारोह के दौरान विद्यालय स्टाफ योगेश शर्मा, अनुराग शर्मा, टिंकू नागर, मदन लाल यादव, पूजा शर्मा, इंद्रा शर्मा, रेखा अग्रवाल, मंजू सैनी, मोनिका बागोरिया, गीता नासना, रचना बागोरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय में साईकल वितरण और 12वीं कक्षा के बच्चों का विदाई समारोह




जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** राज्य सरकार की और से चलाई गई योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छान्देल कलां ब्लॉक कोटखावदा में साईकल वितरण और 12वीं कक्षा के बच्चों का विदाई समारोह और वार्षिकोत्सव का आयोजन एसडीएमसी सदस्य और अभिभावकों की उपस्थिति में किया गया। साईकिल वितरण के दौरान निधि मीणा उपखंड अधिकारी ने बालिकाओं को साइकिल वितरण की। इस दौरान छान्देल सरपंच प्रशासक संतरा देवी, समाजसेवी विश्राम गुर्जर, हनुमान प्रसाद, रामदर्शन शर्मा, रमेश तिवारी और प्रधानाचार्य रंगलाल मीना समारोह में उपस्थित रहे।। वही बताया कि कक्षा 9 की 16 बालिकाओं को साईकिल वितरण किया गया । वही अतिथियों और जनप्रतिनिधियो को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। उपखंड अधिकारी ने बच्चों को संबोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य बनाने के कुछ बिन्दु भी बताएं गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रंगलाल मीणा ने अधिक से अधिक बालिकाओं को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाने की बात कही और राज्य सरकार की अन्य योजनाएं जैसे गार्गी पुरुस्कार आपणी लाडो आदि के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, खाटूश्याम जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** उपखंड क्षेत्र सांगानेर के बाड़श्योपुर मीणा चौक बालाजी विहार-16 वाटिका रोड पर शनिवार को श्री खाटू श्याम जी महाराज मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने 151 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।श्री खाटू श्याम जी महाराज मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हनुमान सीता ने बताया कि ठाकुर जी महाराज मंदिर परिसर से संत श्रीऋषि चरण दास महात्यागी महाराज व मंदिर पुजारी सीताराम महाराज की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। गाजे-बाजे की मधुर धुनों पर पुरुष व महिलाएं श्रद्धा भाव से नाचते-गाते हुए यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा कालोनियों के मुख्य मार्गों से होती हुई नव निर्मित श्री खाटू श्याम जी महाराज मंदिर परिसर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शनिवार को मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। खाटूश्याम से दर्शन कराकर लाई गई नई मूर्ति व अखंड ज्योत को श्रद्धापूर्वक मंदिर में स्थापित किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में श्रवण मीणा, हनुमान मीणा, जयसिंह बन्ना, भंवरलाल मीणा, नाथूलाल मीणा, रामदयाल मीणा, भगवान सहाय मीणा, रामसाहय सीरा, मांगीलाल मीणा, विष्णु प्रजापत, शिवपाल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## आईबीएन स्कूल में प्रतिभा सम्मान व विदाई समारोह' का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**चौमूं(निस)।** आईबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में 'प्रतिभा सम्मान व विदाई समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, साथ ही कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह का आगाज मुख्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से किया। इसके पश्चात छात्राओं ने सुमधुर सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् हजारी लाल शर्मा ने की। उन्होंने छात्रों को सफलता के मंत्र देते हुए कहा शिक्षा केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि संस्कारों और ज्ञान का संगम है। कठिन परिश्रम और निरंतरता ही आपको जीवन के बड़े लक्ष्यों तक पहुँचाएगी। विशिष्ट अतिथि महेश शास्त्री ने भी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सत्य प्रकाश पारीक ने किया। उन्होंने अपनी ओजस्वी शैली और काव्य पंक्तियों से समां बांधे रखा। विद्यालय के मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों के सम्मान में एकल व सामूहिक नृत्य और विदाई गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। विदाई ले रहे कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ बिताए अपने अनुभवों को साझा किया, जिससे माहौल भावुक हो गया। अंत में संस्था सचिव श्याम किन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पारीक, जिला संगठन मंत्री शिक्षक संघ राष्ट्रीय अजय कुमार शर्मा, संभाग संयुक्त मंत्री मेघराज शर्मा, कैलाश तिवारी, ओमप्रकाश कुमावत, मदन कुमावत, धर्मेंद्र गवारिया, संदीप कुमावत, अलीमुद्दीन,आचार्य रामस्वरूप शर्मा, व्याख्याता लालचंद, राहुल कुमावत, राम सिंह, अनिल सेन, माया शर्मा, रीमा अग्रवाल, पूजा कुमावत, वैष्णवी जांगिड, इंदु बिष्ट, कमल सेन, गुड्डु जांगिड़, तन्नू गौरी और रामबाबू ज्योतिषी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सीतापुर ग्राम पंचायत बनने पर विधायक कुलदीप धनखड़ का स्वागत, विकास कार्यों की घोषणाएं

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** सीतापुर ग्राम पंचायत के गठन पर आभार व्यक्त करते हुए ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ का स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में विधायक धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जहां उनका 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुंडाराम यादव, प्रधानाचार्य महेश यादव, बूथ अध्यक्ष बनवारीलाल यादव, प्रधानाचार्य पूरणमल यादव, बीएलए गंगाराम यादव, गणपतराम खोसा, रामावतार यादव, हरिराम यादव, दिनेश कादिया, शिंभू दयाल मेहता, हरिराम कादिया, बद्रीप्रसाद कोली, महादेव गुर्जर, गोकुल गुर्जर, गेंदादास महाराज, मदन खोश्य, रमेश कादिया, रमेश वकील सहित अनेक लोग व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन गुरुजी पूरणमल यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य महेश यादव की रखी गई मांग पर विधायक कुलदीप धनखड़ ने विद्यालय परिसर में इंटरलॉक सड़क निर्माण की घोषणा की। साथ ही विद्यालय के अंतर्गत उपलब्ध भूमि पर चारदीवारी निर्माण कराने की भी स्वीकृति दी। इन घोषणाओं से विद्यालय व ग्राम के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई। विधायक कुलदीप धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और शिक्षा, सड़क व बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायत बनने से सीतापुर के विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराने की अपेक्षा जताई।

## वरली पंचायत में भ्रष्टाचार का 'नाला'

### नियमों को ताक पर रखकर एक ही स्थान पर दो बार कार्य स्वीकृत, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



जयपुर टाइम्स

**पिंडवाड़ा(निस)।** ग्राम पंचायत वरली के गांव ढांगा में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। यहां संविदाकर्मी जेटीए और पंचायत की मिलीभगत से न केवल तकनीकी मापदंडों की धज्जियां उड़ाई गईं, बल्कि बिना कार्य पूर्ण किए ही लाखों रुपये का फर्जी भुगतान उठाने का सनसनीखेज आरोप लगा है।

### पूरा मामला: एक नाला, दो बार बजट और भ्रष्टाचार की कहानी

प्रथम स्वीकृति (2019-20): नवा कुंआ के पास 10 लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण स्वीकृत हुआ था। आरोप है कि घटिया सामग्री के कारण यह नाला पहली ही बारिश में बह गया। द्वतीय स्वीकृति (2025-26): पुराने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए प्रशासन ने उसी स्थान पर दोबारा 10 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया। कागजी बाजीगरी: मौके पर नाला बनाने के बजाय केवल 'रपट' का निर्माण कर दिया गया। लेकिन भ्रष्टाचार की हद तब पार हो गई जब जेटीए ने मेजरमेंट बुक में रपट के बजाय 'नाला निर्माण' की माप दर्ज कर फर्जी बिलों के आधार पर भुगतान करवा लिया।

### कमीशनखोरी का खेल

ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि जेटीए और संबंधित अधिकारी 5 से 10 प्रतिशत कमीशन के फेर में गुणवत्ता और नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। मौके पर कार्य की प्रकृति बदलने के बावजूद फर्जी एम.बी. भरना सीधे तौर पर वित्तीय गबन की ओर इशारा करता है।

'अगर बिना कार्य के जेटीए ने फर्जी माप पुस्तिका भरी है, तो ऐसे कार्यों की गहन जांच की जाएगी। दोषी जेटीए के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और गबन की गई राशि की वसूली की जाएगी।

**नवलाराम चौधरी, विकास अधिकारी, पंचायत समिति पिंडवाड़ा**

## सपने वही देखें जो पूरे भारत को आगे बढ़ाएं: ढूकिया

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने विद्यार्थियों का आव्हान किया है की 'सपने वही देखें, जो भारत को आगे बढ़ाएं। हर कदम पर यह सोचें कि मैं ऐसा क्या कर सकता हूं, जिससे मेरा राज्य, समाज और राष्ट्र प्रगति करे। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे अवसर उन्हें अपने बचपन और स्कूली जीवन की याद दिला देते हैं। कहा कि अनुशासन, समय का सम्मान और लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे मूल्य उन्होंने विद्यालय से ही सीखे, जो पूरे जीवन में उनके मार्गदर्शक बने। वे चाहते हैं कि हर छात्र के हृदय में ऐसे ही संस्कार अंकित हों, जो उन्हें जीवन की चुनौतियों में मजबूत बनाएं और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत करें। वे शनिवार को राजस्थान पब्लिक उमावि में आयोजित वार्षिकोत्सव व प्रतिभा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि अनुशासन, समय के सदुपयोग और सतत परिश्रम की उपज होती है। उन्होंने कहा कि समय का सम्मान करने वाला व्यक्ति ही हर चुनौती में विजयी बनता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में ऊर्जा, क्षमता और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है, जो भारत को नए आयामों तक ले जाकर 'विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्व गुरु भारत' के सपने को साकार कर सकती हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। आरम्भ में अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल निदेशक हरलाल सिंह मोगा ने स्वागत भाषण के साथ स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार, मण्डावा सीआई रामनारायण चोयल, एपीसी राजबाला खीचड़ भाजपा नेता संदीप शर्मा, भाजपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी, हनुमानपुरा प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला, सीबीईओ पवन कुमार व दयानंद ढूकिया आदि मंचासीन अतिथि रहे। स्कूल प्रबंध समिति के सचिव सुभाषचन्द्र मोगा, प्रधानाचार्य सरीता मोगा, अशोक मोगा, महावीर सिह, गुरुनाम सिंह, विकास कुमार आदि ने आगन्तुक मेहमानों का शॉफा व माला पहनाकर स्वागत किया। संचालन शंकरसिंह पाटोदा ने किया। कार्यक्रम में मास्टर भगवानसिंह पूनिया, नथूसिंह कुलहरी, अम्मीलाल मोगा, पवन खींचड़ एसपी बुड़ानिया, मो हुसैन खत्री व सुखदेव सिंह ऐचरा सहित अनेक अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे। अन्त में प्रधानाचार्य अशोक मोगा ने सभी का आभार जताया।

## गिरदावर सर्किल आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों, पशुपालकों व नागरिकों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो, इस बात को लेकर गिरदावर सर्किलों पर एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि 8 फरवरी को बड़ागांव, पपूरना एवं चनाना में वहीं 9 फरवरी को नवलड़ी, कोलिंडा, रघुनाथपुरा, केड, खेतड़ी, नवलगढ़, मंडावा व सांवलोद के गिरदावर सर्किलों पर प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जाएंगे।

# केवल बाहरी प्रदर्शन से राष्ट्र सशक्त नहीं बनता, वैचारिक स्पष्टता व चरित्र की दृढ़ता ही असली शक्ति: बाबूलाल

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निस)।** शेखावाटी क्षेत्र में वीरता और आध्यात्मिकता की समृद्ध परंपरा रही है और इस पावन भूमि ने देश को सर्वाधिक सैनिक, उद्यमी सेठ और संत दिए हैं। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने समर्थ बस्ती स्थित बणी के बालाजी धाम, समर्थपुरा (सीकर) में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने समाज से आत्ममंथन का आह्वान करते हुए कहा कि केवल बाहरी प्रदर्शन से राष्ट्र सशक्त नहीं बनता, बल्कि वैचारिक स्पष्टता और चरित्र की दृढ़ता ही उसकी वास्तविक शक्ति होती है। बाबूलाल ने 'प्रोडक्ट और पैकेजिंग' का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की पैकेजिंग यानी बाहरी दिखावे से कहीं अधिक उसका प्रोडक्ट–अर्थात नागरिकों का चरित्र, जीवन मूल्य और राष्ट्रीय निष्ठा–मजबूत होना चाहिए। कथनी और करनी की एकरूपता को उन्होंने विकसित भारत की बुनियादी शर्त बताया। विकसित भारत की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सम्मेलन किसी जाति या पंथ विशेष का नहीं, बल्कि हर उस हिंदू का है जो राष्ट्र निर्माण में विश्वास रखता है। नागरिक कर्तव्यनिष्ठा, स्वदेशी भावना और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय ही वास्तव में विकसित भारत का सशक्त रोडमैप हैं। सम्मेलन से पूर्व बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। पारंपरिक वेशभूषा, जयघोष और अनुशासित सहभागिता के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को श्रद्धा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता के वातावरण से सराबोर कर दिया। मुख्य वक्ता बाबूलाल ने विश्वगुरु भारत की संकल्पना पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हिंदू समाज संगठित होकर अपनी जड़ों, संस्कृति और स्वदेशी मूल्यों की ओर लौटेगा, तभी भारत पुन: विश्व गुरु के स्थान पर प्रतिष्ठित होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का अंग बनाने और प्लास्टिक-मुक्त पृथ्वी का संकल्प भी दिलाया। सम्मेलन में रोरू बड़ी धाम के संत कमल नाथ महाराज भी उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय विज्ञान, तिथि-प्रणाली और पारंपरिक कालगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से बचने और भारतीय पद्धति से पर्व-उत्सव मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों का सम्मान किया गया। आयोजकों ने अतिथियों, समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों को स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। डॉ. प्रियंका अमन मिश्रा ने भी मंच से संबोधन किया, जबकि भजन गायिका किरण बाईसा की भजन प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। स्कूली बच्चों की पोस्टर प्रदर्शनी और पारंपरिक सांस्कृतिक वेशभूषा की झांकियां भी सराही गईं।

सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. भागचंद सैनी ने की। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्थानीय नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
8 फरवरी, 2026

## सवाई बड़ी में बस स्टॉप पर बसें रुकवाने की मांग, एसडीएम को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील की ग्राम पंचायत सवाई बड़ी के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच मालचंद गोदारा के नेतृत्व में शनिवार को गांव के सभी बस स्टॉप पर बसें रुकवाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देकर ग्रामीणों की समस्यायों के समाधान की मांग की है। गांव के नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि गांव सवाई बड़ी तथा इंदिरा कॉलोनी सवाई बड़ी में बीकानेर आने जाने वाली बसें पूर्व में बने हुए तीन बस स्टॉप पर नहीं ठहरती है। इन बस स्टॉप पर महिलाएं बच्चे और बीमार यात्री बस के इंतजार में खड़े हो जाते हैं। जहां पर लोक परिवहन बस नहीं ठहरने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोक परिवहन बस के चालक यात्रियों को बस स्टॉप से कई किलोमीटर दूरी पर उतार देते हैं। जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस परेशानी से लंबे समय से ग्राम वासी जूझ रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि लोक परिवहन बस व रोडवेज बसों को उपरोक्त तीनों बस स्टॉप पर रोककर यात्रियों को उतारने व चढ़ाने के लिए पाबंद किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर गांव की समस्यायों के समाधान की मांग की है।

## सराफ फाउंडेशन ने बलाल विद्यालय में की दरी पट्टी वितरित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बलाल में सराफ फाउंडेशन बेंगलुरु की ओर से विद्यालय में 21000 की लागत की 55 दरी पट्टी वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय के प्राचार्य रामकुमार खीचड़ ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सराफ फाउंडेशन के प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद सराफ व विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा बृजेंद्र दाधीच, व्याख्याता अजीतसर जगदीश शर्मा व पीईईओ प्राचार्य महेश कुलड़िया रहे। सर्वप्रथम विधालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की तत्पश्चात विद्यालय परिवार ने अतिथियों का दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया। दाधीच ने अपने उद्बोधन में सराफ फाउंडेशन की ओर से जनहित में किए जा रहे निरन्तर सेवा कार्यों की भूरी -भूरी प्रशंसा करते हुए साधुवाद दिया। जगदीश शर्मा ने फाउंडेशन के बहुमुखी कार्यों की जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रामकुमार खीचड़ ने फाउंडेशन का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर एसडीएमसी सदस्य रामकुमार सिंह, दुनिराम नेहरा, गिरधारीलाल मेघवाल, हंसराज नेहरा,रामूराम मेघवाल, चौधरी हरचंदराम मूण्ड, बलबीर पुजारी, गोपीराम नेहरा, राजेन्द्र नेहरा व विद्यालय स्टाफ सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पूनियां ने किया।


## सातड़ा गांव में विधायक ने वितरित किए कंबल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** तहसील के गांव सातड़ा में विधायक हरलाल सहारण ने कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा भी रहे। आयोजन सर्राफ परिवार की ओर से किया गया। विधायक सहारण ने कहा कि ये सामाजिक सरोकार का पुनीत कार्य है। कार्यक्रम में दानाराम मेघवाल, रामस्वरूप मेघवाल, शंकरलाल रोलण, लक्ष्मण न्यौल, नागरमल शर्मा, सुरेंद्र गर्ग, सत्यनारायण स्वामी सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन जयप्रकाश सातडा ने किया।

## किशोरी बाल मेले का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की ओर से शनिवार को किशोरी बाल मेले का आयोजन राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम माध्यमिक विद्यालय गौशाला के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि उमेद सिंह महला एडीओ माध्यमिक शिक्षा झुंझुनू तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आत्माराम, भारतीय स्काउट गाइड प्रधान मुरली मनोहर चौबदार, गौशाला स्कूल की उप प्रधानाचार्य ममता सबलानिया रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने बहुत ही शानदार संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात अतिथियों ने बालिका मेले का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए बालिकाओं को कड़ी मेहनत करके आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा बच्चियों को बाल मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए धन्यवाद दिया। पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ व खेल पर भी ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष सिंह कच्छावा ने किया। अतिथियों को धन्यवाद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सलमा बानो ने दिया।

### मैंने पूरे शहर को अपना परिवार समझाः निलोफर गौरी

# सभापति व पार्षदों विदाई का सम्मान समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सभापति निलोफर गौरी, उप सभापति निलोफर गौरी, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच सहित शहर के सभी पार्षदों का विदाई समारोह नगरपरिषद के मास्टर भवंरलाल मेघवाल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि पांच साल तक बिना किसी बड़ी कटूता के कार्यकाल पूरा हुआ है, यह सुजानगढ़ के लिए काफी अच्छी बात है। मेघवाल ने कहा कि मैंने नगरपरिषद के साथ मिलकर सुजानगढ़ के विकास के कार्यों का गति देने का काम किया है और आगे भी मेरे प्रयास जारी रहेंगे। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि सभापति निलोफर गौरी ने बिना किसी भेदभाव के सेवा और विकास के लिए काम करने का संकल्प निभाया है और तमाम पार्षदों ने इसमें भागीदारी निभाई। गोदारा ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण के लिए काफी अच्छे कार्य सभापति ने करवाये, जो आने वाले समय में लोगों को याद रहेंगे। गोदारा ने कहा कि राजनेता कभी रिटायर नहीं होते, इसलिए जनसेवा के काम हम लोगों को लगातार करने हैं। नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने कहा कि विरोध और संघर्ष के बावजूद भी सभापति की मुस्कान इनकी ताकत है। उप सभापति अमित मारोठिया ने शहर में करवाये गये विकास को अद्भुत बताया। सभापति निलोफर गौरी ने कहा कि मैंने सेवा के साथ शहर के सभी वार्डों के विकास के संकल्प के साथ सभापति का पद संभाला था और शहर के प्रत्येक भाग को विकसित करने का प्रयास हम लोगों ने किया है। गौरी ने कहा कि जिस प्रकार से लोहिया स्टेडियम का विकास हो रहा है और शहर के बाहरी सड़क मार्गों पर डिवाईडर युक्त सड़कें, स्टेशन राड़ पर बिजली लाईन अंडरग्राउण्ड करने काम काम, विद्युतीकरण, जलाशयों का सौंदर्यीकरण और चारदीवारी, सिवरेज के बाद ड्रेनेज के कार्य का गति पकड़ना आदि ऐसे बड़े काम हैं, जो जनता को मिले हैं। सभापति ने जनता, समस्त पार्षदों और कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि पूरे सुजानगढ़ को मैंने अपना परिवार समझा है। इस अवसर पर ठेकेदार एसोसियेशन की ओर से सभापति निलोफर गौरी का 51 किलो की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। एसासियेशन की ओर से बसंत पारीक, मदनलाल भारी, धनराज भाटी, कुलदीप सारण, महावीर मंडा, गिरधारीलाल, रूपाराम गुलेरिया आदि मौजूद रहे। कई ठेकेदारों की कार्यक्रम में अनुपस्थिति चर्चा का विषय भी बनी रही। वहीं अतिथियों का स्वागत आयुक्त चारवी, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, मुन्नालाल मीना, ओमप्रकाश स्वामी, बबीता मीना आदि ने किया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामावतार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी, पार्षद दीनदयाल पारीक, इकबाल खान, शारदा मंडावरिया, शांति देवी, मीनाक्षी स्वामी, सीता देवी, सोनिका पीपलवा, सलीम खान गाजी, मनोज पारीक, बिलाल, रहीशन, लक्ष्मीपत प्रजापत, गौरव, हरिओम खोड, निर्मला तोदी, इस्माइल खान, शगुफ्ता, ताकिर क्याल, आसिफ अली चौहान, आसिफ नसवाण, रामनिवास बुगालिया, ओंकारमल, तरुण सियोता, मोहनलाल, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप, कांग्रेस नेता बजरंग सेन, जगदेव बेड़ा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, पूर्व पार्षद सिराज खान, साबिर अली चौहान, कमल दाधीच, राकेश तंवर, इकबाल खां, पुरुषोत्तम शर्मा, लियाकत अली, परवीना बानो, धन्नीदेवी, रेवंतमल पंवार, इरशाद गौरी, सौरभ पीपलवा आदि लोगों का अभिनंदन साफा व माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में जनहित संघर्ष मोर्चा की ओर से गुलदस्ता भेंटकर सभापति का अभिनंदन किया गया। वहीं कार्यक्रम के बाद सभापति निलोफर गौरी ने कहा कि कांग्रेस बोर्ड का कार्यकाल एतिहासिक रहा है, क्योंकि यहां पर विपक्ष के लोगों ने भी विकास उत्सव मनाया है, जो हमारे विकास कार्यों का सबूत है। दूसरी ओर भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि आज सुजानगढ़ की जनता मुक्त हो गई है। वहीं पार्षद रेंवतमल पंवार ने कहा कि कार्यक्रम में वाल्मिकी समाज की अनदेखी करते हुए इनका स्वागत नहीं करवाया गया और वाल्मिकी समाज की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। कार्यक्रम का संचालन देविका चौधरी ने किया। इसके बाद गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में नगरपरिषद के कार्मिक व पार्षद सभापति को उनके आवास तक लेकर गए।

## बीदासर में अयोध्या की तर्ज़ पर भव्य श्रीराम मंदिर का शिलान्यास

### 5 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा दिव्य धाम





जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे में नोखा-सीकर रोड स्थित बैनाथा बस स्टैंड के पास गोवर्धन प्रसाद टांटिया ट्रस्ट की ओर से अयोध्या की तर्ज़ पर बनने वाले भव्य श्रीराम मंदिर का शनिवार को शिलान्यास किया गया। पंडितों ने वेदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रीविघाधाम इंदौर के महामंडलेश्वर संत चिन्मयानंद सरस्वती महाराज ने भूमि पूजन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर चिन्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि बीदासर में बन रहा यह भव्य श्रीराम मंदिर समूचे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। भगवान श्रीराम कण-कण में विराजमान हैं और आज उन्होंने संकल्प लिया है कि वे बीदासर में प्राण प्रतिष्ठित होंगे। इस पावन संकल्प को टांटिया परिवार पूर्ण कर रहा है, जिसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं। इस दौरान पांडाल में श्रीराम मन्दिर की डमी भी लगाई गई जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। गौरतलब है कि टांटिया ट्रस्ट के प्रतिनिधि रहे द्वारिकाप्रसाद टांटिया को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण मिला था, जिसके तहत वे अयोध्या गए थे। उसी दौरान उन्होंने संकल्प लिया था कि अपनी जन्मभूमि बीदासर में भी अयोध्या की तर्ज़ पर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कराएंगे। भामाशाह द्वारिकाप्रसाद टांटिया भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके परिवार और टांटिया ट्रस्ट की ओर से उनके संकल्प और सपने को साकार किया जा रहा है। यह मंदिर लगभग 5 हेक्टेयर भूमि पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा, जो आने वाले समय में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## 30 वर्षों बाद लक्ष्मणगढ़ में लौटे राम-जानकी, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** तीन दशकों के लंबे इंतजार के बाद लक्ष्मणगढ़ नगर के लिए ऐतिहासिक क्षण आया, जब जानकी वल्लभ मंदिर में भगवान श्रीराम व माता जानकी का विग्रह पुनः अपने मूल स्वरूप में विराजमान हुआ। 30 वर्ष पूर्व मूर्ति चोरी की घटना से शोक में डूबा नगर अब आस्था, उल्लास और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जानकी वल्लभ मंदिर में आयोजित चार दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन भगवान श्रीराम व माता जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पक्की प्याऊ, कबूतरीया कुआं, खाटू की कुई, घंटाघर, मुख्य बस स्टैंड और चौपड़ बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। डीजे, रथ, घोड़े, भजन-कीर्तन, नाचती-गाती महिलाएं और साधु-संतों की उपस्थिति में पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती और प्रसाद वितरण किया गया।दोपहर 12.15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान जानकी वल्लभ जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इसके बाद चार दिनों से चल रहे हवन की पूर्णाहुति, भव्य आरती और संतों का आशीर्वचन हुआ। संतों ने अपने उद्बोधनों में सनातन परंपराओं के पालन, राम नाम स्मरण और आध्यात्मिक जीवन जीने का संदेश दिया। महोत्सव में पधारे संत-महात्माओं का सम्मान किया गया और विशाल महाप्रसादी भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मंदिर महंत मधुसूदनाचार्य व विष्णुकांत ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। 30 वर्षों बाद भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के पुनः विराजमान होने का यह आयोजन लक्ष्मणगढ़ के इतिहास में आस्था, संस्कृति और सामूहिक चेतना का अविस्मरणीय अध्याय बन गया।

## झुंझुनूं के हितेश ढाका एनएसयूआई प्रदेश महासचिव नियुक्त

**सीकर(निस)।** सीकर में एन एस यू आइ छात्र संगठन की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें हितेश ढाका को प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया है। ढाका लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और ढाका मंडावा के भीमसर कस्बे से आते हैं। उन्होंने बताया है कि वो संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे और छात्रों और नौजवानो के हक की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ का आभार व्यक्त किया है।

## गुलेरिया गांव की स्कूल में चोरी

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गुलेरिया की स्कूल में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। स्कूल के प्राचार्य चैनप्रकाश पुत्र दुलाराम प्रजापत, निवासी सुजानगढ़ ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया है कि 6 फरवरी की शाम को स्कूल बंद करके हम लोग गए थे। सात फरवरी को वरिष्ठ अध्यापक महेन्द्र कुमार साढ़े 9 बजे शाला पहुंचे तो कार्यालय का कुन्डा कटा हुआ मिला। कार्यालय की मारी अलमारिया खुली पड़ी थी, टेबल की सामग्री गायब मिली। स्कूल में से कम्प्यूटर, सीपीयू, पेन ड्राईव, स्टेल वेल, यूपीएस, रबर की मोहरें, लेपटाप, हार्ड डिस्क आदि सामान चोरी हो जाने की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिवाकर चेलासी एनएसयूआई प्रदेश महासचिव बने



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सीकर में एनएसयूआई छात्र संगठन की ओर से बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दिवाकर चेलासी को संगठन में प्रदेश महासचिव बनाया गया। इस अवसर पर दिवाकर चेलासी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। दिवाकर ने कहा कि नेतृत्व ने उनके कार्यों को देखते हुए, संगठन की आवश्यकताओं और परिस्थितियों को समझते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए वे संगठन के सदैव आभारी रहेंगे। दिवाकर चेलासी ने अपने सभी साथियों और सहयोगियों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने समय-समय पर हमेशा उनका साथ दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे संगठन की नीतियों पर चलते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।


# सेवानिवृत्ति पर कौशिक को दी भावभीनी विदाई



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के शहरी संकुल प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी प्रथम डॉ बालकृष्ण शर्मा अपनी 40 वर्षों की राजकीय सेवा उपरांत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताल मैदान से सेवा निवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त समारोह में शिरकत करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष सोनगरा ने कहा कि डॉ शर्मा ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाई है बल्कि सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी आपने अविस्मरणीय योगदान दिया है। अतिरिक्त ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी बाबूलाल शास्त्री ने कहा कि आपने अपने कार्यकाल में न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया बल्कि नवनियुक्त शिक्षकों की प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।मौके पर उन्होंने डॉ कौशिक के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर शहर के अनेक व्यक्तियों ने माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर डॉ कौशिक का सम्मान किया। डॉ कौशिक ने अपने कार्यकाल के दौरान डाइट चूरू, सर्वशिक्षा अभियान सरदारशहर और कई विद्यालयों में कार्य सबलन प्रदान किया। वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताल मैदान में प्रधानाचार्य के पद पर रहते हुए आपने प्रेरक के रूप में कार्य करते हुए भामाशाह विकास मालू को प्रेरित कर 70 कमरों से युक्त पांच मंजिला अदभुत इमारत बनवाने में अहम योगदान दिया। सेवानिवृति के कार्यक्रम में शंभुदयाल पारीक, शंकर सिंधी, आलोक महर्षि, आदित्य शर्मा, उम्मेद राठौड़, प्रमोद शर्मा, सम्पत जागिड़, मुकेश सैनी, विजय स्वामी, इंद्रावती बांगड़वा, दीक्षा धींगड़ा, रूकमणी, रवीना, शारदा, मनोज जोशी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने उपस्थित होकर सम्मान व अभिवादन किया।

## झुंझुनूं युवा कांग्रेस का डाबड़ी बलोदा में जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर और समाप्त करने की साजिशों के खिलाफ भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 'मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत झुंझुनू युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील झाझड़िया की ओर से ग्राम पंचायत डाबड़ी बलोदा में एक विशाल जन-जागरण व विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया झुंझुनू पधारें। प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया का युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवलगढ़ सीमा, नवलगढ़ प्लाजा, सांगासी, ढीगाल सहित अनेक जगहों पर ढ़ोल-बाजे के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनियाँ ने संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है। भाजपा सरकार लगातार बजट में कटौती कर तकनीकी अड़चनों के माध्यम से और वींबी जी रामजी जैसे फैसलों के जरिए मनरेगा को कमजोर करने का काम कर रही है। युवा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा गरीब, किसान और मजदूर के हक की लड़ाई लड़ी है। मनरेगा को समाप्त करना सामाजिक न्याय की भावना पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि जब तक गरीब को उसका हक नहीं मिलेगा, तब तक कांग्रेस और युवा कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस झुंझुनूं, सुनील झाझड़िया ने कहा कि मनरेगा कोई भीख नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत का संवैधानिक अधिकार है। मजदूरी में देरी, काम की कमी और पंचायतों के अधिकार छीनने जैसे फैसले भाजपा सरकार की गरीब-विरोधी मानसिकता को उजागर करते हैं। युवा कांग्रेस हर गांव में जाकर लोगों को जागरूक करेगी और मनरेगा बचाने की इस लड़ाई को और तेज करेगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में मांग की है कि ग्रामीणों को वर्ष में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाए। मजदूरी का भुगतान समय पर किया जाए, पंचायतों के अधिकार बहाल किए जाएं, वीबी जी रामजी जैसे जनविरोधी निर्णय तुरंत वापस लिए जाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीण मजदूर, पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया।


### कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला- सीकर (राज.)

Email - ringas.jaipur@gmail.com

SR.NO. :- न.पा.री / 2025-26 / 6201 DATE : 3/2/2026

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खातेदार श्री चन्द्रमोहन खंगार पुत्र श्री छोटे लाल खंगार, जार्ती कुमार महावर पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार महावर, श्री नरेन्द्र कुमार महावर पुत्र श्री बिरदी चन्द श्री राहुल महावर पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार महावर निवासी दौसा जिला दौसा एवं श्री मोहन लाल बैरवा पुत्र श्री राम नारायण बैरवा निवासी सूरतपुरा, सांगानेर जयपुर द्वारा राजस्व ग्राम रींगस के खसरा न. 5061, 6457/5060 रकबा 1.0483 है, कुल किता - 02 कुल रकबा 1.0483 है, अर्थात 10.483 वर्गमीटर का आवासीय योजना श्री श्याम धरोहर प्रयोजनार्थ नियमन चाहा गया है। आवेदित भूमि के मध्य खसरा न. 4982 /2 किस्म चारागाह नगरपालिका की भूमि है। उक्त आवेदित भूमि के सामने खसरा न. 4982 / 2 किस्म चारागाह नगरपालिका रींगस की भूमि में से 532.67 वर्गमीटर भूमि को रास्ते हेतु उपयोग किया जाना है। उक्त मार्ग पर स्वामित्व नगरीय निकाय के नाम रहेगा। उक्त भूमि का भविष्य में कोई भी मुआवजा प्रार्थी को देय नहीं होगा। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / हितधारक को कोई आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर उपयुक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है । बाद मियाद गुजरने पर आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा ।

**(महेश ओला).**
**प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका रींगस**

### कार्यालय नगरपालिका उदयपुरवाटी जिला झुंझुंनू (राज.)

क्रमांकः न. पा. उ./भूमि शाखा/2025-26/5099 दिनांक :- 05/02/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका उदयपुरवाटी में निम्न आवेदक द्वारा सामने अंकित नियमन पट्टा, नामान्तरण, आवासीय पट्टा चाहने बाबत इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। वांछित स्वीकृति जारी करने से पूर्व इस सम्बन्ध में 7 दिवसीय आपत्ति विज्ञप्ति का एतद द्वारा प्रकाशन किया जाकर विज्ञप्ति प्रकाशन होने की तिथि से 7 दिवस में आपत्तियां मय सबूत आमंत्रित की जाती है । बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं होगा, तथा एक तरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क्रसं. | नाम आवेदक / आवेदिका मय पता | भू-खण्ड / सम्पति / स्थान का विवरण जहां स्थित है व खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुभाष चन्द सैनी पुत्र श्री रूडमल सैनी जाति माली निवासी वार्ड न.02 कस्वा व तहसील उदयपुरवाटी | उदयपुरवाटी खसरा नम्बर 3571/1734 | 46.46 वर्ग मीटर | आवासीय पट्टा प्रयोजनार्थ |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका उदयपुरवाटी**

## अरबन को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा का शुभारम्भ



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** भीलवाड़ा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. भीलवाड़ा की 7 वीं शाखा का शुभारम्भ बैंक के संस्थापक अध्यक्ष मुरलीधर पाण्डे की जन्मस्थली बिजौलियां में किया गया। बैंक अध्यक्ष विवेकानन्द पाण्डे , प्रबन्ध संचालक नरेन्द्र कुमार सनाढ्य व संचालक मंडल के सदस्यों ने विधिवत् हवन- पूजन कर बिजौलियां शाखा में लेन-देन का शुभारम्भ किया। शाखा प्रबन्धक सुरेश सोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजौलियां में सहकारिता क्षेत्र में बैंकिंग इकाई की कमी लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। इसी क्रम में भीलवाड़ा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक नें अपनी शाखा का आरम्भ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विवेकानन्द पाण्डे ने बताया कि इस नवीन शाखा में बिजौलिया वासियों को सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही बिजौलियां वासियों को लॉकर सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## न्याय आपके द्वार शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं के सुलभ त्वरित समाधान के लिए शिविर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भूति में आयोजित किया गया। पीएलवी रामबाबू माथुर व अंजली नायक ने बच्चों को बिजली, पानी, सड़क वायु, लोक स्वच्छता, स्वास्थ्य रक्षा की प्रणालियाँ, आवासीय व भू संपदा, आवासीय सेवाएं और बाल विवाह की रोकथाम जैसी जानकारी तथा बाल विवाह रोकथाम के बारे में बताया। प्रधानाचार्य महावीर मेघवाल, सुखराम, प्रधानाचार्य कुलदीप कैलानी, शिवलाल धाकड़, सीताराम धाकड़ , ममता मेवाड़ा, संजना नायक सुनीता नायक व बालक बालिकाएं मौजूद रहे।

## 3.50 क्विंटल लापसी से गोवंश को किया तृप्त

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** श्री राम गौशाला कोलीवाड़ा में शनिवार को भामाशाह व गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला धर्मपत्नी पिंकी सांखला ने अनूठी गोसेवा का आयोजन किया। इस मौके पर लगभग 3.50 क्विंटल लापसी तैयार कर सैकड़ों गोवंश को खिलाई गई। गो शाला परिसर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी जितेन्द्र सिंह राठौड़, सिटी थाना अधिकारी सवाई सिंह व नरेश गहलोत उपस्थित रहे। इस अवसर पर पिंकी सांखला धर्मपत्नी धीरज सांखला ने सर्वप्रथम गौ माता का विधिवत पूजन कर परिक्रमा की। तत्पश्चात गोवंश को लापसी का वितरण किया गया। डीएसपी जितेन्द्र कुमार राठौड़ व सिटी थाना अधिकारी सवाई सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर सांखला दंपती को शुभकामनाएं दी। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार व मंत्री भंवरलाल परमार ने नव नियुक्त थाना अधिकारी सवाई सिंह का स्वागत कर गौशाला का स्मृति चिन्ह भेंट किया। धीरज सांखला व उनकी धर्मपत्नी की प्रेरणा से जीवदया के अंतर्गत गायों को लापसी के साथ-साथ पक्षियों को चुग्गा भी खिलाया गया। इस अवसर पर धीरज सांखला ने कहा कि मूक पशु-पक्षियों की सेवा सर्वोपरि है। कार्यक्रम में अशोक पंडित, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, सदस्य खीमाराम कुमावत, मोहनदास वैष्णव सहित गौशाला समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का बाड़ी में स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा के सम्मान व स्वागत का भव्य कार्यक्रम देव पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर देव पाराशर की ओर से माला व साफा पहनाकर शंकर गोरा का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में युवाओं व महिला शक्ति की भारी उपस्थिति देखने को मिली। जिससे आयोजन का उत्साह और गरिमा और अधिक बढ़ गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे व भाजपा नेता जयवीर पोसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाड़ी मंडल के भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे तथा युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम व्यवस्था समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमें प्रमुख रूप से आकाश कपरेला, डॉ जितेंद्र शर्मा, नाजिया खान, प्रदीप शर्मा, गजानंद शर्मा, जतिन शर्मा, भोला शर्मा, शुभम गर्ग, दिव्यांश अग्रवाल व अर्जुन डागौर शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे देव पाराशर ने उपस्थित सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं व महिला शक्ति का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### स्वस्थ मां-सुरक्षित शिशु की दिशा में डिजिटल पहल

# चिकित्सा विभाग के शुरू किया गर्भ की पाठशाला यूट्यूब चैनल

### आसान भाषा में मिलेगी गर्भावस्था की पूरी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** गर्भावस्था और शिशु देखभाल से जुड़ी सही, वैज्ञानिक और भरोसेमंद जानकारी अब धौलपुर जिले की महिलाओं को घर बैठे, मोबाइल पर और सरल भाषा में उपलब्ध होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस उद्देश्य से 'गर्भ की पाठशाला' नाम से यूट्यूब चैनल शुरू किया गया है, जो गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों के लिए एक सशक्त डिजिटल मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में निरामय राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशालय स्तर से संचालित इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से अब ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की महिलाएं समान रूप से लाभान्वित हो रही हैं।

अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम व निदेशक आईईसी डॉ. टी. शुभमंगला, जो स्वयं स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं, के मार्गदर्शन में इस चैनल की सामग्री को आम महिला की समझ के अनुरूप सरल हिंदी भाषा में तैयार किया गया है, ताकि मेडिकल शब्दावली भी सहज रूप से समझ में आ सके। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि गर्भ की पाठशाला यूट्यूब चैनल पर गर्भावस्था से जुड़ी प्रत्येक जानकारी को फिल्मों, एनिमेशन व डायग्राम के माध्यम से बेहद रोचक और क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें गर्भावस्था की पहचान, एनीमिया, गर्भधारण से पूर्व परामर्श, गर्भावस्था के दौरान उल्टी, आवश्यक पोषण, सुरक्षित गर्भपात, प्री-लेबर रूप्चर ऑफ मेंब्रेन, पूर्व सिजेरियन के बाद गर्भावस्था, सामान्य प्रसव की संभावनाएं, लेट टर्म एवं पोस्ट टर्म गर्भावस्था जैसे विषय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त चैनल पर प्रसव के बाद नवजात शिशु की देखभाल, कंगारू मदर केयर, शिशु के लिए पूरक आहार, बच्चों में अंतर रखने के साधन और अंतरगर्भाशय गर्भनिरोधक (आईयूसीडी) की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है।

डीपीसी आईईसी प्रवीण अवस्थी ने बताया कि गर्भ की पाठशाला धौलपुर जिले की महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों, संभावित जोखिमों, एनीमिया प्रबंधन और शिशु देखभाल की सही जानकारी समय पर मिल सकेगी, जिससे मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे यूट्यूब पर उपलब्ध 'गर्भ की पाठशाला' चैनल को अधिक से अधिक देखें, साझा करें और गर्भवती महिलाओं को इससे जोड़ें, ताकि हर मां स्वस्थ रहे और हर शिशु सुरक्षित जन्म ले सके।

## डांग क्षेत्र में टीम हर घर शिक्षा ने बच्चों व अभिभावकों को किया जागरूक




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड बाड़ी उपखंड के डांग क्षेत्र गांव जोरे का पुरा में शिक्षा के प्रचार-प्रसार को लेकर एक सराहनीय व प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। टीम हर घर शिक्षा के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जोरे का पुरा में बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष शैक्षिक- जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बच्चों व अभिभावकों को स्टेशनरी सामग्री व पौष्टिक फल वितरित किए गए। शिक्षण सामग्री पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न नजर आए और उन्होंने थैंक्स यू हर घर शिक्षा टीम कहकर टीम का आभार व्यक्त किया। वहीं अभिभावकों ने भी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय में बार-बार आने का आमंत्रण दिया। टीम हर घर शिक्षा का उद्देश्य है कि हर बच्चे को विद्यालय से जोड़कर शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाया जाए। इसी लक्ष्य को लेकर टीम की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर टीम हर घर शिक्षा के संस्थापक रोहित मीणा, समाजसेवी वंदना शिवहरे, पोस्टमास्टर सेवानिवृत्त रन सिंह बाबूजी, जल संसाधन विभाग से सियाराम मीणा, गुरुप्रसाद मीणा, सुनील बंसल, सतीश प्रजापति, दिनेश गर्ग, भूरी सिंह मीणा सहित बड़ी संख्या में बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

## बारां झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह पहुंचे राजाखेड़ा, हरिचरण सिंह जादौन को दी श्रद्धांजलि




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला अध्यक्ष धौलपुर व राज्य कार्यकारिणी सदस्य रहे ठाकुर हरिचरण सिंह जादौन के निधन के दसवें दिन शनिवार को बारां झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह राजाखेड़ा पहुंचे। उन्होंने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि हरिचरण सिंह जादौन संगठन के प्रति समर्पित, जुझारू और जमीन से जुड़े नेता थे। उन्होंने जीवनभर पार्टी और समाज की सेवा को प्राथमिकता दी।उनका निधन पार्टी व क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। ठाकुर हरिचरण सिंह जादौन का जयपुर में उपचार के दौरान निधन हुआ था। वे लंबे समय से असाध्य रोग से पीड़ित थे। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त कर चुकी हैं।हरिचरण सिंह जादौन को राजे के करीबी सलाहकारों में गिना जाता था। बीमारी के दौरान भी वसुंधरा राजे व सांसद दुष्यंत सिंह समय-समय पर राजाखेड़ा आकर उनका हालचाल पूछते रहे थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व आरपीएससी चेयरमैन श्यामसुंदर शर्मा, भारतीय रेलवे सेवा के अधिकारी विवेक रावत (आईआरटीएस), पूर्व नगरपरिषद चेयरमैन प्रदीप सिंह राजावत, पूर्व जिला महामंत्री नरेंद्र तोमर, नरेंद्र डांगी,प्रताप सिंह झाला,पूर्व प्रधान रामकरण दांगी (पिड़ावा), एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष गोवर्धन भील, ख्यासी लाल भील,जिला परिषद सदस्य व पूर्व प्रधान लालीबाई, राजपूत समाज जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, मेहरा समाज जिलाध्यक्ष राजेश मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश, भाजपा कोषाध्यक्ष विमल सुराणा, मनीष चांदवाड़ा, सियाराम, पूर्व जिला प्रमुख रामवती जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचंद गोयल, अविनाश शर्मा, रामवीर शर्मा मरेना, रामवीर सिसोदिया, सैंपऊ प्रधान दुष्यंत बघेल,रामवीर सिंह, जयवीर सिंह,सुमेर सिंह, पप्पू प्रजापति सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बड़े पुत्र भाजपा नेता राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि दिवंगत नेता का अंतिम संस्कार खनपुरा स्थित हरिचरणधाम मंदिर परिसर, नागर रोड, राजाखेड़ा में किया गया। उनके पुत्र डॉ. धर्मपाल जादौन धौलपुर के पूर्व जिला प्रमुख रह चुके हैं।श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि हरिचरण सिंह जादौन का संगठनात्मक योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा की मिसाल था।

## हत्या मामले में 5 आरोपियों को 5-5 साल का कारावास




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** करीब साढ़े 8 साल पुराने खेत विवाद के एक प्रकरण में जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर ने सुनवाई करते हुए पांच आरोपियों को पांच-पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। वहीं प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला धौलपुर जिले के दिहौली थाना क्षेत्र का है, जिसमें दोनों पक्षों में से एक-एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई थी। डीजे कोर्ट धौलपुर के लोक अभियोजक शैलेंद्र मथुरिया ने बताया कि 8 जुलाई 2017 को दिहौली थाना क्षेत्र के गांव दगरा निवासी श्रीचंद पुत्र मायाराम बघेल और गढ़ी जाफर निवासी राजेंद्र पुत्र सोवरन सिंह के बीच खेत विवाद को लेकर लड़ाई झगड़ा व फायरिंग हुई थी। जिसमें श्रीचंद पक्ष के रघुवीर सिंह की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं राजेंद्र सिंह पक्ष के पूरन सिंह की गोली लगने से इलाज के दौरान मौत हुई थी। लोक अभियोजक मथुरिया ने बताया कि झगड़े के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के प्रति हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दिहौली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालान पेश किया। इसी प्रकरण में शनिवार को सुनवाई करते हुए डीजे कोर्ट के न्यायाधीश संजीव मागो ने दोनों पक्षों के पांच लोगों के आरोप सिद्ध होने पर पांच-पांच वर्ष के कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिसमें श्रीचंद पक्ष के धर्मपाल पुत्र श्रीचंद, सियाराम पुत्र मायाराम और रामू पुत्र गोपाल सिंह को सजा हुई है। वहीं राजेंद्र पक्ष के राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र पुत्र सोवरन सिंह को सजा हुई है।

## मंगला पशु बीमा योजना बनी संकट में सहारा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के ग्राम कोटरा निवासी रामायणी पत्नी भागीरथ सिंह के लिए राज्य सरकार की मंगला पशु बीमा योजना एक कठिन समय में संबल बनकर सामने आई। यह योजना न केवल पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा देती है, बल्कि संकट की घड़ी में उन्हें आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। रामायणी ने अपने पशुओं का बीमा कराने के उद्देश्य से पशु चिकित्सालय उपकेंद्र कोटरा पर कार्यरत अरविंद सिंह से संपर्क किया। उन्होंने मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत अपनी एक भैंस का पंजीकरण कराने का आग्रह किया। अरविंद सिंह ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं उनके घर पहुंचकर भैंस का पंजीकरण कराया।

इसके पश्चात पशुपालन विभाग के चिकित्सक ने घर पर ही भैंस का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किया। सभी औपचारिकताएं समय पर पूर्ण होने के कारण कुछ ही दिनों में भैंस की बीमा पॉलिसी प्राप्त हो गई। दुर्भाग्यवश, कुछ समय बाद रामायणी की भैंस की अचानक मृत्यु हो गई। यह घटना उनके लिए अत्यंत पीड़ादायक थी, लेकिन मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत बीमा दावा प्रक्रिया पूर्ण करने पर उन्हें ?32,000 की बीमा क्लेम राशि प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्हें बड़ा आर्थिक संबल मिला और संकट के समय में उनकी परेशानियां काफी हद तक कम हो सकीं।

रामायणी ने कहा कि यदि मेरी भैंस का बीमा नहीं हुआ होता, तो मुझे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता। मंगला पशु बीमा योजना ने मुझे मुश्किल समय में सहारा दिया है। उन्होंने इस सहयोग के लिए पशुपालन विभाग के कर्मचारियों, पशु चिकित्सालय उपकेंद्र कोटरा, अरविंद सिंह और राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। उनकी यह सफलता कहानी क्षेत्र के अन्य पशुपालकों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है कि समय पर पशु बीमा कराकर वे अपने पशुधन और भविष्य दोनों को सुरक्षित कर सकते हैं।

## राजाखेड़ा में एबीवीपी का प्रदर्शन, भरतपुर विश्वविद्यालय में छात्रों पर हो रहे 'अत्याचारों' के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई राजाखेड़ा की ओर से विद्यार्थियों के साथ भरतपुर विश्वविद्यालय में हो रही कथित अनियमितताओं और शैक्षणिक अन्याय के विरोध में राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा के प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद बीए और बीएससी जैसे तीन वर्षीय पाठ्यक्रम अब व्यवहारिक रूप से पंचवर्षीय होते जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को डिग्री पूरी करने में अनावश्यक रूप से अधिक समय लग रहा है और उनका शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वर्तमान सत्र को लगभग एक वर्ष होने को है, लेकिन प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की न तो परीक्षाएं कराई गई हैं और न ही परीक्षा फॉर्म व फीस की प्रक्रिया पूरी हुई है। वहीं, पिछले सत्र में प्रथम सेमेस्टर के परिणाम अत्यंत निराशाजनक रहे, जहां कई विद्यार्थियों को एक साथ चार-चार विषयों में बैक दे दी गई। यह स्थिति तब है, जब संबंधित विद्यार्थियों के उन्हीं विषयों में 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत तक अंक रहे हैं। एबीवीपी पदाधिकारियों ने इसे विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अब तक काफी हो चुका है और छात्रों के धैर्य की परीक्षा लेना बंद किया जाए, ताकि विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें। यह ज्ञापन महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में भाग संयोजक पतंजलि, अध्यक्ष आदित्य गोस्वामी सहित विष्णु, संदीप, विनीता, खुशबू, शिवानी, मोहिनी, स्वाती और रंजना शामिल रहे।

## राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ ने सरकार से सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका को निस्तारित कराते हुए तृतीय श्रेणी शिक्षकों की 5 सालों से अटकी पदोन्नति कराए जाने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट में कई वर्षों से लंबित याचिका के निस्तारण की शिक्षा विभाग की ओर से ठोस पैरवी नहीं करने के कारण प्रदेश के तृतीय श्रेणी शिक्षकों के 5 सालों से प्रमोशन नहीं हो रहे हैं जिससे से शिक्षक बिना प्रमोशन पाए सेवा निवृत्त होते जा रहे हैं। वहीं स्कूलों में बीते पाँच सालों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों की डीपीसी नहीं होने से वरिष्ठ अध्यापकों के रिक्त पदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। संगठन के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा के मुताबिक़ पिछली सरकार के एडिशनल विषय के शिक्षकों को पदोन्नति से वंचित करने के फैसले की वजह से मामला क़ानूनी प्रक्रिया में उलझ गया है। पिछली सरकार और वर्तमान सरकार के दो साल के कार्यकाल में शिक्षा विभाग की सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी तथा सरकारी वकीलों की ओर से प्रकरण को सुलझाने के सार्थक प्रयास नहीं होने से कई सालों से प्रकरण का निस्तारण नहीं हो पा रहा है जबकि सरकार व विभाग चाहे तो प्रदेश के हज़ारों शिक्षकों व विद्यार्थियों से जुड़े प्रकरण की जल्द सुनवाई का आग्रह कर सुलझा सकती है।लेकिन दुर्भाग्य से उच्चतम न्यायालय महीनों बाद 4 फरवरी को सुनवाई का नंबर आया लेकिन विभाग के सरकारी वकील चुप रहे , उन्होंने प्रकरण निस्तारण का आग्रह तक नहीं किया नहीं तो स्टे ब्रेकिट हो सकता था। और शिक्षकों की डीपीसी शुरू हो सकती थी। संघ ने सीएम से हजारों शिक्षकों व छात्रों से जुड़े प्रकरण के वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लम्बित याचिका के निस्तारण के लिए उच्च स्तरीय क़ानून विदों की टीम गठित कर तत्काल पैरवी कराने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित कर या माननीय न्यायालय की अनुमति या अध्याधीन 5 सालों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों की अटकी डीपीसी कराने का अनुरोध किया है।

## तारबंदी योजना से फसलें सुरक्षित फसल, बढ़ी आय

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले की सैपऊ तहसील के ग्राम दोनारी निवासी कृषक मनोज कुमार पुत्र हरिप्रसाद, आज कृषि विभाग की तारबंदी योजना से लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं। मनोज कुमार के स्वामित्व में ग्राम दोनारी में 4 बीघा कृषि भूमि है, जिस पर वे बाजरा, गेहूं, सरसों सहित अन्य प्रमुख फसलें उगाते हैं। पूर्व में वर्षा ऋतु से पहले उनके खेतों में तारबंदी नहीं होने के कारण आवारा व जंगली पशुओं की ओर से फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जाता था। इससे न केवल उत्पादन प्रभावित होता था, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी काफी हानि उठानी पड़ती थी। कई बार मेहनत के बावजूद उन्हें अपेक्षित पैदावार नहीं मिल पाती थी। इसी दौरान कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक यादवेन्द्र त्यागी ने उनसे संपर्क कर कृषि विभाग की तारबंदी योजना की जानकारी दी। योजना के लाभ और प्रक्रिया समझने के बाद मनोज कुमार ने उनके मार्गदर्शन में आवश्यक दस्तावेज तैयार कर आवेदन किया। स्वीकृति मिलने पर कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त अनुदान सहायता से उनके खेतों में तारबंदी स्थापित की गई। तारबंदी के उपरांत मनोज कुमार के खेत अब पूरी तरह सुरक्षित हो गए हैं। आवारा पशुओं से फसल को होने वाला नुकसान लगभग समाप्त हो गया है, जिससे वे अपनी फसलों से अधिकतम उत्पादन प्राप्त कर पा रहे हैं। बेहतर पैदावार के कारण उनकी कृषि आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार आया है। मनोज कुमार ने इस सफलता का श्रेय राज्य सरकार को देते हुए कहा कि यदि समय पर मुझे तारबंदी योजना की जानकारी और लाभ नहीं मिलता,तो आज भी मेरी फसलें सुरक्षित नहीं होतीं। यह योजना किसानों के लिए बेहद उपयोगी है। उनकी यह कहानी क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत है, जो तारबंदी योजना का लाभ लेकर अपनी फसलों को सुरक्षित कर सकते हैं और अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

**राजस्थान सार्वजनिक पुन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

**मुकदमा नम्बर : DEV/JAIPUR-I/TRUST / 2026/1360**

चूंकि पार्थी श्री SAROJ MANGAWA, 76 DANI AGUNI WALI SIRSHA JAIPUR RAJASTHAN 303602 ने राजस्थान सार्वजनिक पुन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत पुन्यास श्री सांवलिया सेठ फाउंडेशन एवं सोशल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट, KHASRA NO 603 SIRSHA BAGDI NAGAL ROAD, NEAR SHIV MANDIR RAILWAY UNDER PASS ,SIRSHA,JAIPUR RAJASTHAN 303602 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त पून्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त पून्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच गुसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा

आज दिनांक 05-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 15/04/2026

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
8 फरवरी, 2026

# 5.43 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर विधानसभा क्षेत्र के गाँव पुनरास में 5.43 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया कि राठौड़ ने 4 करोड़ की पेयजल टंकी तथा 1.43 करोड़ की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। इस मौके पर ओम बन्ना की मूर्ति की स्थापना भी हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में एक इंजन पंचायत और नगरपालिका का जोड़ कर विकास कार्यों को ओर गति दे ताकि आमजन और 36 कौम को घर बैठे सरकार का लाभ मिले। हजारों लोगों की उपस्थिति में राठौड़ ने आह्वान किया है कि आने वाले तीन साल में गरीब को गणेश मानकर जनकल्याण कार्य किए जाएंगे ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ मिले, प्रधानमंत्री मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं, उसके लिए युवाओं को साथ देना होगा। भजनलाल सरकार ने पेपर माफिया को सलाखों के पीछे डालकर गरीब युवाओं को संबल प्रदान कर भविष्य सुनहरे बनाने का संकल्प लिया। आने वाले समय में किसानों के खेतों में यमुना नदी का पानी आयेगी जिससे जिला चूरू विशेषकर तारानगर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। चूरू जिला अनाज का कटोरा बनेगा। विपक्ष गुमराह करने का कार्य कर रहा है और हमारी सरकार विकास का। भाजपा नेता राकेश जांगिड ने संबोधित करते हुए कहा कि पुनरास सहित पूरे तारानगर को राठौड़ की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने भरपूर दिया है उसी का परिणाम है कि आज 5.43 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ है। इस मौके पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## ताल छापर में होगी राष्ट्रीय पक्षी मोर की गणना




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती कस्बे छापर की पर्यावरण और पारिस्थितिकी विकास के क्षेत्र में सक्रिय संस्था नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी आगामी 15 फरवरी से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय पक्षी रक्षा अभियान का शुभारंभ करेगी। सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि इस अभियान के तहत मुख्य रूप से कस्बे के मोर पक्षी की गणना की जाएगी और मोर के संवर्धन और संरक्षण के प्रयास तेज किए जाएंगे। शनिवार दोपहर को संत स्वामी गीगदास भवन में राष्ट्रीय पक्षी रक्षा अभियान के पोस्टर का विमोचन संस्था के संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा और सदस्यों ने किया। इसका उद्देश्य तेजी से लुप्त हो रहे मोर की प्रजाति को बचाना हैं। प्रचार पोस्टर के शुभारंभ अवसर पर पक्षी विशेषज्ञ ब्रजदान सामौर, कवि गौरीशंकर भावुक, धन्नाराम प्रजापत, नेचर गाइड जितेन्द्र स्वामी, शंकरलाल सारस्वत, ओमप्रकाश गोस्वामी, लक्ष्मण सिंह रावणा, राजकुमार प्रजापत, उमराव कांटीवाल, रमेश चौहान, नानूराम कांटीवाल, रमेश सुथार, विजेंद्र सुराणा, समुंद्र बंजारा, किशनाराम मंडा, भंवरलाल मंडा आदि उपस्थित रहे। संचालन पार्थ सोनी ने किया।

## भामाशाहों का राजेंद्र राठौड़ ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भाजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया ने भामाशाहों का सम्मान किया। भामाशाह पवन मौसूण, द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़, लॉयंस क्लब सुजानगढ़ से कमल तापड़िया प्रशान्त पारीक, सुजलांचल विकास मंच समिति, तेरापंथ महिला मंडल, अणुव्रत समिति, टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, डॉ. रघुवीर तूनवाल एवं डॉ. मोनिका सिंघाटिया, एईएन राजेन्द्र कुमार प्रजापत, बजरंगी गौ सेवा समिति, महिला जागृति मंच को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दोनों नेताओं ने सम्मानित किया।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि विधान पूर्वक संपन्न हुई। आचार्य पंडित शशिकांत शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित समारोह में मूर्तियों का महान्यास, नेत्रोन्मिलन, महापूजा, पूर्णाहुति व महाप्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बद्रीदास स्वामी, कन्हैयालाल स्वामी, करणी सिंह शेखावत, रामूराम प्रजापत, देवी दत्त स्वामी, ओमप्रकाश स्वामी, डूंगरदास स्वामी, रामगोपाल शर्मा, रामधन प्रजापत, घिंसूलाल स्वामी, नथमल प्रजापत, महावीर स्वामी, कुंदनमल माली, कैलाश जाट, बाबूलाल मेघवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सुजानगढ़ के नूर नगर में बदबूदार व दूषित पानी की सप्लाई से हड़कंप, लोग बीमार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के नूर नगर क्षेत्र में घरों व दुकानों में दूषित और तेज बदबूदार पानी की सप्लाई आने से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। आईस फैक्ट्री के पास स्थित दुकानदारों ने बताया कि जल संग्रहण टंकियों में अचानक ऐसा पानी पहुंच गया, जिससे पूरा पानी खराब हो गया। स्थानीय दुकानदार भंवरू खान ने बताया कि कुछ लोगों ने अनजाने में दूषित पानी पी लिया, जिसके बाद तबीयत खराब होने की शिकायतें सामने आईं। स्थिति इतनी खराब रही कि लोगों को मजबूरन पीने के लिए पानी के कैंपर मंगवाने पड़े। भंवरू खान की दुकान पर जांच के दौरान सप्लाई में आया पानी अत्यंत बदबूदार पाया गया, जिसमें सर्फ जैसे झाग भी नजर आए। यह पानी इंसानों तो क्या, पशुओं के लिए भी अनुपयोगी बताया गया। मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पार्षद एडवोकेट सलीम खान गाजी ने जलदाय विभाग राजस्थान से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया। विभाग की ओर से शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। लोगों ने जल्द से जल्द शुद्ध पेयजल आपूर्ति बहाल करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## 5 लाख की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय पांच साल से बंद

जयपुर टाइम्स




**नीमकाथाना/पाटन।** ग्राम पंचायत टोडा में करीब पांच वर्ष पहले 5 लाख रुपए की लागत से बनाया गया सार्वजनिक शौचालय आज तक आमजन के उपयोग में नहीं आ सका। यह शौचालय पंजाब नेशनल बैंक के सामने बाजार क्षेत्र में बनाया गया था, लेकिन इसके बंद रहने से बाजार में आने वाले ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि महिलाओं के लिए बनाए गए शौचालय पर आज तक ताला लगा हुआ है। न तो इसे चालू किया गया और न ही कभी ताला खोला गया। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत की प्रशासक स्वयं महिला हैं, इसके बावजूद महिलाओं की मूलभूत सुविधा को लेकर कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत टोडा का कार्यकाल लगभग छह वर्ष पूरा होने को है, लेकिन सरपंच सुनीता यादव की ओर से शौचालय का निर्माण करवा देने के बाद इसे चालू करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया। शौचालय में आज तक न तो पानी की टंकी लगाई गई और न ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। आरोप है कि महिलाओं के शौचालय पर ताला लगाया गया, जो आज तक नहीं खोला गया। पंचायत की ओर से निर्माण एजेंसी को पूरे 5 लाख रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है, इसके बावजूद शौचालय अनुपयोगी पड़ा हुआ है। शौचालय के बंद रहने का नतीजा यह है कि अब यह परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। शौचालय के भीतर शराब के खाली पव्वे पड़े हुए हैं, जिससे इसकी दुर्दशा साफ झलकती है। इस संबंध में पंचायत समिति अजीतगढ़ के सहायक अभियंता हेमचंद यादव ने कहा कि मैं ग्राम सेवक से जानकारी लेकर पता करूंगा कि शौचालय आज तक चालू क्यों नहीं किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक धन से बने इस शौचालय को शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि बाजार आने वाली महिलाओं और आमजन को राहत मिल सके।

## तारानगर नगर पालिका का पांच वर्षीय कार्यकाल पूर्ण, विकास व सफलता का उत्सव आयोजित

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** नगरपालिका चेयरमेन प्रियंका बानो सहित पार्षदगणों का पांच वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर शनिवार को नगरपालिका परिसर में विकास व सफलता का उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया रहे। इस अवसर पर विधायक बुड़ानिया ने समस्त पालिका सदस्यों को साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चेयरमेन प्रियंका बानो ने अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बुड़ानिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नगर के विकास के लिए ऐसे अनेक कार्य हुए, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के गठन के बाद विकास कार्यों की गति थम गई है और आज भाजपा के कार्यकर्ता भी स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में एडवोकेट निर्मल कुमार प्रजापत ने कहा कि कुछ लोगों ने पालिका अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रयास किए, लेकिन वे सभी प्रयास विफल रहे। इस मौके पर सादुलपुर की पूर्व विधायक कमला कस्वां, निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, जिला परिषद सदस्य विमला कालवा, ब्लॉक अध्यक्ष मदन पांड्या सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नगरपालिका के सदस्य उपस्थित रहे।

ग्रेटर बेंगलुरु कॉर्पोरेशन चुनाव

## भाजपा ने कर्नाटक प्रदेश कार्यालय में भरी हुंकार, जीत का लिया संगठित संकल्प



जयपुर टाइम्स

**बेंगलुरु।** ग्रेटर बेंगलुरु कॉर्पोरेशन चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक प्रदेश इकाई ने प्रदेश कार्यालय, बेंगलुरु में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने एकजुट होकर चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा, चुनाव प्रभारी राम माधव, कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र येदियुरप्पा, भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं बेंगलुरु कॉर्पोरेशन चुनाव के सह प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां, चुनाव सह प्रभारी संजय उपाध्याय, कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोका तथा विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष चलावडी नारायणस्वामी ने संबोधित किया। नेताओं ने अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और विकास कार्यों को बेंगलुरु की जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता, बूथ स्तर तक सक्रियता और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही चुनावी जीत की कुंजी है। बैठक में सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, पूर्व कॉरपोरेटर, सोशल मीडिया पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी के साथ विस्तृत चर्चा कर चुनावी रणनीति को धार दी गई और ग्रेटर बेंगलुरु कॉर्पोरेशन चुनाव में भाजपा की निर्णायक जीत के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर संपर्क अभियान को तेज करें, केंद्र सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाएं और संगठन को बूथ स्तर पर और मजबूत बनाएं, ताकि आगामी चुनाव में भाजपा को स्पष्ट जनादेश मिल सके।

## राजुराम नायक को न्याय दिलाने के लिए उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के आसरासर गांव में गत दिनों राजूराम नायक की हुई संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों और समाज के लोगों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी को राजूराम नायक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद सांडवा सीएचसी की मोर्चरी के बाहर परिजनों और समाज के लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया था और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई थी। धरने के दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने परिजनों को आश्वासन दिया था कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और परिवार की सुरक्षा के लिए आसरासर गांव में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। परिजनों का आरोप है कि आश्वासन के बावजूद अब तक न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इससे पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि तीन दिवस के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार को तत्काल सुरक्षा जैसी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो सोमवार से उपखंड कार्यालय बीदासर के समक्ष अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू किया जाएगा। इस दौरान एडवोकेट गोविंद मेघवाल, मानवाधिकार संगठन के तहसील अध्यक्ष, तोलाराम नायक जिला अध्यक्ष नायक महासभा, हरि नायक महासचिव नायक महासभा, पंकज बौद्ध, अजय गुसाईवाल, बनवारी नायक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## नरोदड़ा के विद्यालय में वाटर कूलर भेंट

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के नरोदडा के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को भगवती देवी धर्मपत्नी मंगला राम ख्यालिया उत्तरादा बास, नरोदड़ा, की पुण्य स्मृति में उनके पुत्रों केशरी चंद, सुभाष व महेंद्र कुमार ने एक वाटर कूलर भेंट किया। विद्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मातादीन शर्मा, दीपा कुमारी, कविता चौधरी, संजय जोशी, मुकेश चाहर, रजनीश शर्मा, चंदा, अनीता जाट, परवीन खान, परमेश्वरी सुंडा, सुनीता आर्य, विकास मिश्रा, मोहित चारण, त्रिलोकचंद व विद्यालय विकास व प्रबंध समिति के समस्त महेंद्र ख्यालिया, रामकुमार ख्यालिया, रामेश्वर ख्यालिया व नंदलाल जांगिड़ उपस्थित रहे। संस्था व विद्यालय प्रबंध समिति ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया।

## कोर्ट के आदेश पर पंचायत समिति की एक दुकान कुर्क

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** पंचायत समिति, चूरू को एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी की मजदूरी का भुगतान नहीं करना महंगा पड़ गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट के आदेश पर पंचायत समिति की एक दुकान कुर्क कर ली गई है। यह कार्रवाई कर्मचारी को उसकी बकाया मजदूरी नहीं मिलने के बाद की गई है। यह मामला चूरू पंचायत समिति में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी राजेश कुमार से जुड़ा है। राजेश कुमार ने अपनी मजदूरी का भुगतान नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली थी। उन्होंने सीजेएम कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। प्रकरण की सुनवाई करते हुए सीजेएम हरीश कुमार ने इसे गंभीर लापरवाही माना। कोर्ट ने बीडीओ पंचायत समिति के विरुद्ध 4 लाख 79 हजार रुपये की वसूली और कुर्की का वारंट जारी किया। इसी आदेश के तहत पंचायत समिति की एक दुकान को कुर्क किया गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश की पालना में दुकान को कुर्क किया है। सीजेएम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया, तो कुर्क की गई संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सरदारशहर क्षेत्र में रेल विस्तार व सड़कों को बड़े हाईवे से जोड़ने की मांग

### भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण पुलासरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों को एक पत्र लिखकर सरदारशहर क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार व क्षेत्र की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग की है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण पुलासरिया ने दिए गए पत्र में लिखा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरे भारतवर्ष को चरणबद्ध रूप से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना प्रारंभ की थी जो आज पूरे भारत में जारी है। इसी क्रम में सिल्वर आसम से सौराष्ट्र एवं कश्मीर से कन्याकुमारी तक स्वर्ण चतुर्भुज योजना पूरे भारत को एक करने के लिए स्वीकृत किया था। जिसका लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है। परंतु इसमें राजस्थान के हनुमानगढ़ से किशनगढ़ जो वर्तमान में मेगा हाईवे से जुड़ा हुआ है। इस मार्ग से छापर से रावतसर जिला हनुमानगढ़ तक के अलावा शेष मार्ग राष्ट्रीय राजमार्गों व भारतमाला से जुड़ चुका है। बहुत कम ही मार्ग बाकी रह गया है। हमारा आग्रह है कि आप इस और ध्यान देकर अपने स्तर पर संबंधित मंत्रालयों, प्रभारी मंत्री, महानुभावों व उच्च अधिकारियों को यथा शिध्रता शीघ्र कार्य को पूर्ण रूप देने का आदेश प्रदान करने की कृपा करेंगे। हमने हाल ही में अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी भी मनाई है। उक्त मार्ग का नाम उनके नामकरण पर करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने की कृपा करेंगे। इसी के साथ पत्र में लिखा कि राजस्थान राज्य की सीमा पाकिस्तान से लग रही है तथा इस राज्य की सैनिक छावनी लूणकरणसर व सूरतगढ़ तथा हरियाणा राज्य के हिसार में अंबाला छावनी महत्वपूर्ण है। परंतु यह छावनिया एक दूसरे से रेल मार्ग से अभी सीधी जुड़ी हुई नहीं है। इस हेतु अगर अर्जुनसर जिनकी दूरी लगभग 102 किलोमीटर रेलवे लाइन स्वीकृत कर निर्माण कार्य किया जाता है तो सादुलपुर, हिसार व दिल्ली से रेल मार्ग सीधा जुड़ जाएगा। सैन्य दृष्टि से यह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए काफी मददगार साबित होने के साथ-साथ वर्षों से चली आ रही सरदारशहर हनुमानगढ़ रेल मार्ग शुरू होने के साथ-साथ आजादी से लेकर अब तक रेल मार्ग से वंचित तारानगर विधानसभा, राजस्व उपखंड मुख्यालय से भी रेल मार्ग से जुड़ जाएगा। जिसकी वर्षों से राजस्थान में विशेष कर चुरू जिले की जनता की अभिलाषा रही है। यह रेल मार्ग शुरू होने से सरदारशहर, रतनगढ़, तारानगर, लूणकरणसर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर आदि विधानसभाएं व लोकसभा की जनता पूरे भारतवर्ष में कम दूरी, कम समय तथा कम लागत में यात्रा कर सकेंगे। साथ ही इस रेल मार्ग का निर्माण राष्ट्रीय स्तर के मध्य नजर भारतीय सेवा के सैन्य बजट से भी करवाया जा सकता है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण पुलासरिया ने पत्र लिखकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार से इस और शीघ्र ही ध्यान देकर क्षेत्र के लाखों लोगों के सपनों को साकार करने का आग्रह किया है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।